Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -350 शुक्रवार ,28 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

आदमी के लिए विश्वास ही सबकुछ है। तुम अगर उस भी विश्वास खो देते हो तो इससे बड़ा डाऊन फाल दूसरा नहीं हो सकता।
- विमल मित्र-

## POK को वापस हासिल करना मोदी सरकार का अगला कदम ?

**राजनाथ सिंह के कड़े तेवर, आया ये बड़ा बयान**

**अंजाम भुगतना पड़ेगा**

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने और राज्य को दो हिस्सों में पुनर्गठित करने के बाद अब मोदी सरकार ने पाकिस्तान के कब्जे में गए क्षेत्र को लेकर भी सख्त रुख अपनाना शुरू किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को पीओके को लेकर कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान मानवाधिकारों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाता है, लेकिन वह खुद पीओके में लोगों पर अत्याचार कर रहा है। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान अब पीओके के लोगों का उत्पीड़न करता है तो उसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। रक्षा मंत्री ने इन्फैन्ट्री डे प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा, इस मौके पर देश के सभी जांबाजों को नमन करता हूं, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता को कायम करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बलिदान दे दिया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि शौर्य दिवस हमें प्रेरणा देता है कि हर बाधा को पार करके हम देश को नई ऊंचाइयों को ले जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हर कोई जानता है कि पाकिस्तान कैसे मानवाधिकारों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाता है, जबकि पीओके में लोगों का उत्पीड़न कर रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं पाकिस्तान से पूछना चाहता हूं कि उसने भारत को जो हिस्सा अवैध रूप से



कब्जाया है, वहां रहने वाले लोगों को उसने कितने अधिकार दिए हैं। पाकिस्तान वहां होने वाली अमानवीय घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। आज पाकिस्तान वहां लोगों पर अत्याचार कर रहा है, लेकिन आने वाले वक्त में उसे इसका नुकसान उठाना होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे विकास की यात्रा तब पूरी होगी, जब 1947 में भारत आए शरणार्थियों के साथ न्याय होगा। उन्हें जब अपने पूर्वजों की जमीन पर सम्मान के साथ रहने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सेना और लोगों की ताकत से वाकिफ हूं। वह दिन दूर नहीं हैं, जब हम पीओके को वापस लेंगे और अपने सारे मकसद हासिल करेंगे। यही नहीं उन्होंने इस दौरान उन लोगों पर भी अटैक किया, जो आतंकवादियों के मानवाधिकार की बात करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में जब भी सेना या पुलिस कोई ऐक्शन लेती है तो कुछ बुद्धिजीवी कहते हैं कि मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे उस वक्त हैरानी होती है कि जब यही आतंकी सुरक्षा बलों या फिर आम लोगों पर अटैक करते हैं तो ये लोग मानवाधिकार की बात क्यों नहीं करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है, लेकिन कश्मीरियत के नाम पर यहां असंख्य लोगों की जान गई और उनके घरों को भी तबाह कर दिया गया था। राजनाथ सिंह ने इस मौके पर 1993 में संसद में पारित प्रस्ताव का भी जिक्र किया।

## राहुल गांधी ने तेलंगाना में भारत जोड़ो यात्रा फिर से शुरू की

**हैदराबाद , 27 अक्टूबर 2022।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का तेलंगाना चरण तीन दिन के ब्रेक के बाद गुरुवार को नारायणपेट जिले के मकथल में फिर से शुरू हो गया है। नई दिल्ली से लौटने के बाद हैदराबाद होते हुए बुधवार देर रात मकथल पहुंचे



कांग्रेस सांसद ने पार्टी के अन्य नेताओं और सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सुबह पैदल मार्च फिर से शुरू किया।

राहुल गांधी बोंडलकुंटा गांव को कवर करेंगे और बाद में गुनमुकला गांव क्रॉस में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे। वह किसानों की समस्याओं को जानने के लिए किसानों के एक समूह के साथ बातचीत भी करने वाले हैं।

उनका रात्रि विश्राम मरिकल में होगा। शुक्रवार को, वॉकथॉन जारी रहेगा और गोपालपुरकलां, देवरकादा, ओबलाइपल्ले, धर्मपुर, येनुगोंडा, जडचेरला और महबूबनगर को कवर करेगा।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी, तेलंगाना के पार्टी प्रभारी मनिकम टैगोर, कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के यात्रा समन्वयक उत्तम कुमार रेड्डी और कई वरिष्ठ नेता गांधी के साथ थे।



### हेट स्पीच मामले में आजम खान को हुई तीन साल की सजा, विधानसभा सदस्यता जाना तय

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** साल 2019 को लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में सपा नेता आजम खान के खिलाफ दर्ज मुकदमे में रामपुर कोर्ट ने फैसला सुना दिया है।

रामपुर कोर्ट ने आजम खान को आईपीसी की धारा 153-ए, 505-ए और 125 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत दोषी करार दिया है। इसके साथ ही उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि इसके बाद उनकी सदस्यता जाना लगभग तय माना जा रहा है। साथ ही कोर्ट ने आज़म खान पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगा दिया है।

## नोटों पर फोटो को लेकर राजनीतिक दलों में छिड़ी बहस

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** देश में प्रचलित सभी नोटों पर महात्मागांधी के साथ अन्य महापुरुषों या देवी-देवताओं की फोटो लगाने की मांग को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों में बहस छिड़ गई है। इस बीच आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपील ने नोटों पर किसकी हो फोटो? की बहस छेड़ दी है। एक के बाद एक राजनेताओं की प्रतिक्रियाएं और विचार सामने आ रहे हैं। कोई चाहता है कि इसपर भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की तस्वीर लगे। वहीं किसी की इच्छा नोट पर शिवाजी को देखने की है।

सीएम केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार से अपील है। गांधी जी के साथ करेंसी पर लक्ष्मी जी और गणेश जी की तस्वीर हो, देश की बिगड़ती अर्थ व्यवस्था को आशीर्वाद मिलेगा– कई कदम उठाने चाहिए, उसमें से ये भी एक है। दिवाली पर हम सबने समृद्धि के लिए लक्ष्मी जी और विघ्नहर्ता गणेश जी की पूजा की।

इसके लिए उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण भी दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र



### राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं

भाषा के अनुसार, भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने पत्रकारों से कहा कि अपनी सरकार की खामियों को छुपाने और आम आदमी पार्टी की हिन्दू विरोधी मानसिकता से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए केजरीवाल राजनीतिक ड्रामा कर रहे हैं। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में जो कुछ कहा, वह उनकी यू-टर्न राजनीति का ही हिस्सा है। इसमें उनका पाखंड नजर आता है।

मोदी से अपील की। उन्होंने कहा, 'इंडोनेशिया एक मुस्लिम देश है। वहां 85 प्रतिशत मुस्लिम हैं और केवल 2 फीसदी ही हिंदू हैं, लेकिन करेंसी पर श्री गणेश जी की तस्वीर है। मैं प्रधानमंत्री से अपील करता हूं कि माता लक्ष्मी और श्री गणेश जी की तस्वीरों को नए नोटों पर होना चाहिए।

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि मां लक्ष्मी और भगवान गणेश संपन्नता और समृद्धि के प्रतीक है। उनके आशीर्वाद से देश समृद्ध होकर आगे बढ़ेगा और नंबर 1 बनेगा। भारत की करंसी पर महात्मा गांधी जी के साथ-साथ माँ लक्ष्मी और भगवान गणेश की तस्वीर लगाना पूरे देश के लिए मंगलमयी साबित होगा।

इसके बाद से ही उम्मीदवारों की सूची सी जारी हो गई। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी से विधायक नीतेश राणे ने भी छत्रपति शिवाजी की फोटो लगाने का सुझाव दिया। इसके लिए उन्होंने ट्विटर पर 200 रुपये का नोट भी पोस्ट कर दिया और उसे परफेक्ट बताया।

अब कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी सुझाव दिया है। उन्होंने पूछा कि नोट पर बाबासाहेब की तस्वीर क्यों नहीं हो सकती। उन्होंने ट्वीट किया कि करेंसी नोट की नई सीरीज पर डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की फोटो क्यों नहीं हो सकती? एक तरफ महान महात्मा और दूसरी तरफ डॉक्टर आंबेडकर। अहिंसा, संविधानवाद और समतावाद के साथ आने से आधुनिक भारत को जोड़ेगा।

कुछ दिनों पहले अखिल भारत हिंदू महासभा ने भी महात्मा गांधी की फोटो की जगह नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर शामिल करने की मांग उठाई थी।

## चिंतन शिविर:IPC-CRPC में होगा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** देश की आतंरिक सुरक्षा को लेकर हरियाणा के फरीदाबाद में दो दिन का चिंतन शिविर शुरू हो गया है. इस शिविर में गृह मंत्री अमित शाह ने भी हिस्सा लिया, उनकी तरफ से कई मुद्दों पर विस्तार से बात की गई. देश सुरक्षा के लिहाज से किन चुनौतियों का सामना कर रहा है, सरकार ने पिछले आठ साल में क्या कदम उठाए हैं, शाह ने अपने संबोधन में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया. उनकी तरफ से कश्मीर की वर्तमान स्थिति का भी जिक्र किया गया और नक्सलवाद के खिलाफ हुई कार्रवाई पर भी जोर दिया.

अमित शाह ने कहा कि इस चिन्तन शिविर की कल्पना सबसे पहले तत्कालीन गुजरात के मोदी नरेन्द्र मोदी ने की थी और इसके बहुत अच्छे परिणाम निकले.. पीएम ने अब




इसी तर्ज पर सारे राज्यों को सम्मेलन करने को कहा है. इसके बाद टेक्नोलॉजी की अहमियत बताते हुए शाह ने बताया कि आज के समय में तकनीक के विकसित होने ही वजह से नए कानून की जरूरत है. इसके लिए राज्यों के सहयोग से साझा प्रहार की जरूरत है. ये हमारी जिम्मेदारी है कि हर तरह के अपराध से संयुक्त रूप से निपटा जाए और एक मजबूत रणनीति बनाने पर जोर हो. इससे आनेवाले दिनों में देशभर की कानून व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त होगी.

गृह मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान सरकार की सफलताओं का भी विस्तार से जिक्र किया. उनके मुताबिक कश्मीर में आतंकवाद कम हुआ, नक्सलवाद की घटनाएं घटी और दूसरे अपराधों में भी गिरावट देखने को मिली. इस बारे में उन्होंने कहा कि आतंकवाद, महिला सुरक्षा, जम्मू-कश्मीर, नक्सल इन सबमें केन्द्र सरकार ने बहुत सारे इनीशिएटिव लिए हैं.. हमारी आंतरिक सुरक्षा बहुत ज्यादा सुदृढ़ है.. आनेवाले चुनौतियों का सामना करने के लिए हम अपने आपको तैयार करें. हॉट स्पॉट माने जाने वाले सभी इलाके भय मुक्त हैं.. 8 साल में 90 फीसदी सिविलियन डेथ कम हुई हैं. बहुत सारे दीर्घकालिक समझौते हुए हैं, वामपंथी उग्रवाद में 2014 के बाद 87 फीसदी कमी आई है.. केन्द्र और राज्य संयुक्त रूप से लड़े हैं और सफलता मिली है।

### बीकेयू ने अपने सदस्यों के लिए बनाया ड्रेस कोड



**अलीगढ़, 27 अक्टूबर 2022।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के कार्यकर्ता अब वर्दी पहनेंगे। बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने सदस्यों से कहा है कि वे ड्रेस कोड का पालन करके अपनी पहचान अन्य किसान संगठनों से अलग रखें। यह कदम मुजफ्फरनगर में बीकेयू के दो गुटों के बीच हाल ही में हुए झड़प के बाद उठाया गया है। टिकैत ने कहा कि अगर कोई बीकेयू कार्यकर्ता कभी आधिकारिक बैठक में जाता है।

## लड़की को आइटम कहना पड़ा महंगा,कोर्ट ने सुनाई डेढ़ साल कारावास की सजा

**मुंबई, 27 अक्टूबर 2022।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के मामले में एक व्यक्ति को डेढ़ साल कैद की सजा सुनाते हुए कहा कि किसी भी लड़की को 'आइटम' कहना आपत्तिजनक है। अदालत ने यह आदेश 20 अक्टूबर को पारित किया था। दोषी के खिलाफ नरमी बरतने से इनकार करते हुए अदालत ने कहा कि महिलाओं को इस तरह के अवांछित व्यवहार से बचाने के लिए ऐसे 'सड़क छाप रोमियो' को सबक सिखाना जरूरी है।



यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण कानून (पॉक्सो) संबंधी मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश एजे अंसारी ने 16 वर्षीय लड़की को 'आइटम' बुलाने और उसके बाल खींचने के मामले में 25 वर्षीय व्यक्ति को उसकी गरिमा भंग करने का दोषी पाया। यह वाकया 14 जुलाई 2015 में उपनगरीय मुंबई में लड़की के घर के पास हुआ था, जब वह स्कूल से लौट रही थी। लड़की की शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई थी।

न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी का जानबूझकर लड़की के बाल पकड़ना और खींचना और उसे 'आइटम' बुलाना साबित करता है कि उसने लड़की की गरिमा भंग की। दालत ने कहा कि आरोपी का व्यवहार 'पूरी तरह आपत्तिजनक' था। आदेश में कहा गया कि आरोपी ने उसे 'आइटम' कहकर बुलाया, इस शब्द का इस्तेमाल लड़के आमतौर पर लड़कियों को अपमानजनक तरीके से संबोधित करने के लिए करते हैंज् यह स्पष्ट तौर पर लड़की की गरिमा भंग करने के उसके इरादे को जाहिर करता है।

## शीतकाल के लिए आज से बंद हुए बाबा केदारनाथ धाम के कपाट

**रुद्रप्रयाग, 27 अक्टूबर 2022।** विश्व प्रसिद्ध धाम केदारनाथ के कपाट भाईदूज यानी आज शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। आगामी छह माह की पूजा अर्चना एवं भोले बाबा के दर्शन ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में होंगे। आज ही यमुनोत्री धाम के कपाट भी दोपहर 12ः09 बजे बंद कर दिए जाएंगे। एक दिन पहले गंगोत्री धाम के कपाट भी बंद कर दिए गए थे। वहीं, बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को बंद होंगे। गुरुवार को सुबह चार बजे से केदारनाथ धाम में भगवान का अभिषेक किया गया। जिसके बाद उन्हें समाधि दी गई।

भगवान केदार की डोली मंदिर के बाहर आई और भक्तों ने भव्य दर्शन दिए। इसके बाद पौराणिक



विधिविधान के साथ मंदिर के मुख्य कपाट के साथ ही पीछ के कपाट को बंद कर सील कर दिया गया। धाम से बाबा की चल विग्रह डोली अपने शीतकालीन स्थान के लिए रवाना हो गई। इस दौरान धाम में बाबा केदार के दर्शनों को भक्तों का तांता लगा रहा। केदारनाथ धाम में अब तक 15.55 लाख से अधिक यात्री पहुंचे।

गुरुवार प्रातः साढे आठ बजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए रवाना हो गई। 28 अक्टूबर को पंचमुखी डोली द्वितीय पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। 29 अक्टूबर को पंचमुखी डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचेगी। यहीं भोले बाबा की शीतकालीन पूजा होगी। एक दिन पहले गंगोत्री धाम के कपाट भी बंद कर दिए गए थे। वहीं, बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को बंद होंगे। इसके साथ ही चारधाम यात्रा का समापन हो जाएगा। वहीं, अब शीतकालीन पूजा इन धामों के शीतकालीन पड़ावों पर होगी।

## नहाय-खाय के साथ शुरू होगा छठ पूजा

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** भगवान सूर्य व छठी माता को समर्पित छठ पर्व हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। इस साल ये 28 अक्टूबर से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगा। यह पर्व चार दिन तक चलता है। छठ पूजा में संतान के स्वास्थ्य, सफलता व दीर्घायु के लिए पूरे




36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। इस व्रत को महिलाओं के साथ पुरुष भी रखते हैं।

**28 अक्टूबर से छठ पूजा की शुरुआत**–कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि को पहले दिन नहाए खाए किया जाता है। इस साल चतुर्थी तिथि 28 अक्टूबर को है। ऐसे में छठ पर्व की शुरुआत शुक्रवार से होगी। नहाए खाए के दिन महिलाएं घर की साफ-सफाई करती हैं। घर में चने की दाल, लौकी की सब्जी और भात प्रसाद के रूप में बनता है। इस भोजन में सेंधा नमक का प्रयोग किया जाता है।

**29 अक्टूबर को खरना**–छठ पर्व का दूसरा दिन खरना का होता है। इस साल खरना 29 अक्टूबर को होगा। इस दिन महिलाएं गुड़ की खीर का प्रसाद बनाती हैं और रात को ग्रहण करती हैं। इसे प्रसाद के रूप में भी बांटा जाता है। इसके बाद से 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है।

**छठ पूजा का पहला अर्घ्य**–छठ पूजा के तीसरे दिन सूर्यास्त के समय डूबते सूर्य को अर्घ्य देने का विधान है। व्रती महिलाएं या पुरुष पानी में खड़े होकर अर्घ्य देते हैं। इस दिन सूर्यास्त का समय शाम 05 बजकर 37 मिनट है।

**छठ पूजा का दूसरा अर्घ्य**–चौथे दिन व्रती पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इसके बाद छठ पूजा का समापन होता है। फिर व्रत पारण किया जाता है। इस दिन सूर्योदय का समय सुबह 06 बजकर 31 मिनट है।

### छठ महापर्व पर रेलवे ने चलाई 250 स्पेशल ट्रेनें

बिहार राज्य का सबसे बड़ा महापर्व छठ पूजा के आने से पहले भक्तों के लिए एक बड़ी खबर है। दरअसल, छठ पूजा में घर जाने वाले लोग सुविधाजनक यात्रा कर सकें इसके लिए रेलवे ने 250 से अधिक ट्रेनें शुरू की हैं। जिसमें से त्योहार के दौरान अधिक सीट



और बर्थ उपलब्ध कराने के लिए 56 नियमित रेलगाड़ियों में 165 अतिरिक्त डिब्बे जोड़े गए हैं. ये 165 अतिरिक्त डिब्बे 4700 अतिरिक्त फेरे लगाएंगे जिससे 3.5 लाख अतिरिक्त बर्थ/सीट उपलब्ध होंगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि छठ पूजा के लिए, हमने 250 से अधिक ट्रेनें शुरू की हैं। करीब 1.4 लाख बर्थ उपलब्ध कराए गए हैं और लोगों के लिए जो भी जरूरी होगा हम करेंगे। मैं सभी को छठ पूजा की बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इससे पहले रेलवे ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि छठ त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए 32 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं। इन्हें देश के कई प्रमुख रेलवे स्टेशनों से गुजारा जा रहा है। स्पेशल ट्रेनों का मुख्य रूट दरभंगा, आजमगढ़, सहरसा, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, फिरोजपुर, पटना, कटिहार और अमृतसर रखा गया है। बता दें कि छठ पूजा चार दिन लंबा त्योहार है। इस त्योहार का समापन नहाय-खाय के साथ होता है, जहां उगते सूरज को अर्घ्य दिया जाता है। छठ पूजा की शुरुआत 28 अक्तूबर से शुरू होकर जिसका समापन 31 अक्तूबर को होगा।

## बेहद डरावना! कब्र खोदकर काट ले गए शव का सिर,दहशत में लोग

» **घर के बाहर खेलते समय एक बिजली का खंभा उस पर गिर गया, जिससे सिर में गंभीर चोट आई।**

**चेन्नई, 27 अक्टूबर 2022।** तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले के मधुरंथकम के पास चित्रवाड़ी गांव में एक हफ्ते पहले दफन की गई 10 वर्षीय बच्ची का सिर उसकी कब्र से गायब हो गया। चौंकाने वाली घटना बीते मंगलवार को सामने आई, जिसके बाद अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस जादू-टोने के एंगल से भी जांच कर रही है। मृतक लड़की 5 अक्टूबर को गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घर के बाहर खेलते समय एक बिजली का खंभा उस पर गिर गया, जिससे सिर में गंभीर चोट आई।

करीब नौ दिनों तक अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ने के बाद 14 अक्टूबर को कृतिका का निधन हो



गया। इसके बाद उसके परिवार ने अंतिम संस्कार करने के बाद 15 अक्टूबर को उसे दफना दिया। दस दिनों के बाद, उसके माता-पिता, पांडियन और नादिया ने देखा कि उसकी कब्र के साथ छेड़छाड़ की गई है। इस पर शक होने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने जिला चिकित्सा विभाग के अधिकारियों और जिला राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में कब्र को खोला तो वहां पर लड़की का सिर गायब था, जिससे हड़कंप मच गया।

चित्तूर पुलिस मामले की विभिन्न एंगल से जांच कर रही है। वे जांच कर रहे हैं कि क्या दुश्मनी के कारण लड़की का सिर कोई कब्र से ले गया या फिर किसी ने जादू टोने के चलते ऐसा किया हो। पुलिस को उस जगह के पास कुछ इस्तेमाल किए हुए दस्ताने और टॉर्च के सामान भी मिले हैं, जहां पर लड़की को दफनाया गया था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## संपादकीय

# खड़गे की टीम कैसी होगी?

मल्लिकार्जुन खड़गे अध्यक्ष बनने के बाद क्या कांग्रेस संगठन में बदलाव करेंगे या पुरानी टीम से ही काम चलाएंगे? यह बड़ा सवाल है क्योंकि पुरानी टीम सोनिया और राहुल गांधी की बनाई हुई है और उनके भरोसे के लोग इस टीम में हैं। संगठन में कुछ बदलाव तो पिछले ही दिनों हुए हैं। जैसे मीडिया की पूरी टीम कुछ महीने पहले ही बदली गई है। रणदीप सुरजेवाला की जगह जयराम रमेश को प्रभारी बनाया गया और उनके साथ पवन खेड़ा और सुप्रिया श्रीनेत को बड़ी जिम्मेदारी दी गई। यह टीम अच्छा काम भी कर रही है इसलिए इसको बदले जाने का सवाल ही नहीं उठता है।

अब रही बात कांग्रेस के महासचिवों की तो वहां भी खड़गे क्या बदलाव करेंगे? कांग्रेस के 10 महासचिव हैं, जिनमें से एक तो प्रियंका गांधी वाड्रा हैं और बाकी नौ सोनिया व राहुल के भरोसेमंद हैं। अजय माकन, रणदीप सुरजेवाला, जयराम रमेश, जितेंद्र सिंह और केसी वेणुगोपाल के बारे में सबको पता है कि राहुल इनके ऊपर बहुत भरोसा करते हैं। ओमन चांडी केरल के हैं, जहां के चुनाव पर कांग्रेस का सबसे ज्यादा ध्यान है और तारिक अनवर इकलौता मुस्लिम चेहरा हैं। सो, ले-देकर एक मुकुल वासनिक बचते हैं। उनसे कुछ काम वापस लिया भी गया है और दलित अध्यक्ष बनने के बाद दलित महासचिव की जरूरत नहीं रह गई है।

सो, महासचिव में किसी बड़ी फेरबदल की गुंजाइश नहीं है। हां, अगर इन महासचिवों में से किसी को उपाध्यक्ष या कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाता है तब जरूर नए महासचिव आएंगे। जहां तक कोषाध्यक्ष की बात है तो पवन बंसल ने मुश्किल समय में जिम्मेदारी संभाली। इसलिए उनको भी बदलना आसान नहीं होगा। कांग्रेस उनको तभी बदल सकती है, जब डीके शिवकुमार या मिलिंद देवड़ा कोषाध्यक्ष बनने को राजी हों। सो, यह तय मानें की खड़गे की टीम में बड़े पदों पर तो पुराने नेता रहेंगे। कुछ नए सचिव बनाए जा सकते हैं। वैसे दूसरी पार्टियों में भी ऐसी ही परंपरा रही है। जेपी नड्डा भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद काफी समय तक अमित शाह की पुरानी टीम के साथ ही काम करते रहे थे और बाद में भी बहुत मामूली बदलाव हुआ था।

## उन झुकी नजरों का



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

उन झुकी नज़रों का जब, दिल को मिला सलाम।
ढल गई लम्हें में धूप, हो गई सुरमई शाम।
यादों का उनकी ज़िक्र जो, ग़ज़ल में आ गया,
अश्कों से भर गए हैं, आंखों के दोनों जाम।
आओ के अब आईने से, कुछ गुफ्तगु करें,
हम कौन हैं, आए हैं क्या, लेके यहां पयाम।
भटक रही हयात, न जाने कहां कहां,
मंजिल भी लापता है, रास्ते भी हैं गुमनाम।
इस रुह के ऐवान को, जिसने किया रौशन,
तस्बीह चल रही है, ले के उसी का नाम।

## बचपन किधर गया



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

पसर दिल में बेनाम सा डर गया
देर शाम घबरा कर के मैं घर गया
नूर सा जो आँखों में चमकता था
एक पल में वो दिल से उतर गया
एक शख़्स था मानो घड़ी जैसा
वो गया तो ये वक़्त भी ठहर गया
रह गया याद के पन्नों में बस कर
याद नहीं कि बचपन किधर गया
टूटते टूटते इतना टूट चुका गीत
तुमने ज़रा छुआ कि मैं बिखर गया

## चुरा लाये



ओमप्रकाश बिन्जवे ÷ राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

अनकहे सवालों के जवाब चुरा लाये।
निंदयारी। पलकों से। ख्वाब चुरा लाये।
खुले आसमां के इन दरीचों पे टंगे थे,
तुम्हारे लिए हम वो माहताब चुरा लाये।
कैद थी जिनमें बचपन की अठखेलियाँ,
माज़ी के दयार से वो किताब चुरा लाये।
तेरी। शरबती आँखों में छलक रहे थे,
अपने लबों पे हम वो शराब चुरा लाये।
थोड़ी तश्नगी थोडी आबे हयात सागर
आप क्या जाने क्या क्या जनाब चुरा लाये।

## जिन्दगी में जब



आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

ज़िन्दगी में जब ख़ुद को पाओ अकेले
अपने यारों की टोली को याद कर लेना
कर लेना दो चार बातें दिल की,किसी से
उसे अपने दिल में दबा के यूँ मत रखना
बड़ी कीमती है तुम्हारी ये ज़िन्दगी यारा
कर खत्म इसे,अपनों को यूँ न मार जाना
ताउम्र बहेंगे तुम्हारी याद में इनके आँसू
उनके लिए घाव नासूर तुम न बना जाना
अरमानों से पाला, जिन अपनों ने तुम्हें
उनके उस लाड़ प्यार को न भुला जाना
वो ख्वाब जो बुने अपनों ने,संग तुम्हारे
उनके सपनो को तुम यूँ न झुठला जाना
ज़िन्दगी में जब खुद को पाओ जो अकेले
किसी अपने को उस पल तुम याद करना
कह देना सब बातें ,जो है दिल में तुम्हारे
कोई क्या सोचेगा? ये ख्याल मत करना
किस्मत से मिलती है शौहरत की दौलत
खुद के बनाये मुकाम को न मिटा जाना
बने हो एक मिसाल तुम लाखों के लिए
उनके उस विश्वास को न तुम तोड़ जाना

# लोक आस्था का महापर्व-छठ व्रत



लाल बिहारी लाल
लालबाग
नई दिल्ली

**छठ मईया की महिमा,जाने सकल जहान।**
**लाल पावे जे पूजे, सदा करी कल्याण।।**

छठ व्रत षष्ठी यानी की छठे दिन मनाया जाता है इसलिए इसका नाम छठ पर्व पड़ गया। छठ व्रत भगवान सूर्यदेव को समर्पित एक हिंदुओं का विशेष पर्व है। उतर भारत के कई हिस्सों में खासकर यू.पी. और बिहार में तो इसे महापर्व के रुप में मानाया जाता है। शुद्धता, स्वच्छताऔर पवित्रता के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व आदिकाल से मनाया जा रहा है। छठ व्रत में छठी माता की पूजा होती है और उनसे संतान व परिवार की रक्षा का वर मांगा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से छठ मैया का व्रत करता है। उसे संतान सुख जरुर प्राप्त होता है।

हर वर्ष चैत एवं कार्तिक महिने में मनाया जाता है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष में दीवाली के चौथे दिन से शुरु होकर सातवें दिन तक कुल 4 दिनों तक मानाया जाता है। इसमें पहले दिन यानी चतुर्थी को घरबार साफ सुथरा करके स्नान करने के बाद खाना में चावल तथा चने दाल तथा लौकी का सादा सब्जी बनाया जाता है फिर खाया जाता है जिसे (नहा के खाना) नहा खाये कहते है। अगले दिन संध्या में पंचमी के दिन खरना यानी के गुड़ में चावल का खीर बनाया जाता है। उपले और आम के लकड़ी से मिट्टी के चूल्हें पर फिर सादे रोटी और केला के साथ मां को याद करते हुए अग्रासन निकालने के बाद धूप हुमाद के साथ पूजा के बाद पहले व्रती खाती है फिर घर के अन्य सदस्य खाते हैं। इसी के साथ मां का आगमन हो जाता है। तत्पश्चात षष्टी के दिन घर में पवित्रता एवं शुद्धता के साथ उत्तम पकवान बनाये जाते हैं। संध्या के समय पकवानों को बड़े बडे बांस के डालों तथा टोकरीयों में भरकर नदी, तालाब, सरोवर आदि के किनारे ले जाया जाता है।जिसे छठ घाट कहा जाता है। फिर व्रत करने वाले भक्त उन डालों को उठाकर डूबते सूर्य (परसुता) एवं षष्टी माता को आर्घ्य देते हैं।ताकि जाते हुए माता सभी दुख दर्द लेती जाये और फिर सूर्यास्त के पश्चात लोग अपने-अपने घर आ जाते हैं।

छठ व्रत के दौरान रात भर जागरण किया जाता है और सप्तमी के दिन सुबह
ब्रह्म मुहूर्त में पुनः संध्या काल की तरह डालों में पकवान, नारियल, केला,
मिठाई भर कर नदी तटय(घाट) पर लोग जमा होते हैं। व्रत करने वाले सभी व्रतधारी
सुबह के समय उगते सूर्य(उषा)) को आर्घ्य देते हैं ताकि जीवन में नई उर्जा के संचार हो। इसमें अंकुरित चना हाथ में लेकर षष्ठीव्रत की कथा कही और सुनी जाती है।कथा
के बाद छठ घाट पर प्रसाद वितरण किया जाता है और फिर सभी अपने-अपने घर लौट आते हैं। तथा व्रत करने वाले इस दिन पारण करते हैं। यह क्रम खरना के दिन से व्रती लगातार 36 घंटे निर्जल एवं निराहार रहते हुए व्रत करती है।इसलिए इसे कठिनतम व्रत कहा गया है। कार्तिक मास में षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले छठ व्रत की शुरुआत रामायण काल से हुई थी। लोक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को त्रेतायुग में माता सीता ने तथा द्वापर युग में पांडु की पत्नी कुन्ती ने की थी जिससे कर्ण के रुप में संतान पाई थी। पांडव की पत्नी द्रौपदी ने भी इस व्रत को किया था।हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भगवान सूर्य एक मात्र प्रत्यक्ष देवता हैं। वास्तव में इनकी रोशनी से ही प्रकृति में जीवन चक्र चलता है। इनकी किरणों से धरती में फल, फूल, अनाज उत्पन्न होता है । सूर्य षष्टी या छठ व्रत भी इन्हीं भगवान सूर्य
को समर्पित है । इस महापर्व में सूर्य नारायण के साथ देवी षष्टी की पूजा भी होती है। छठ पूजन कथानुसार छठ देवी भगवान सूर्यदेव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भक्तगण भगवान सूर्य की आराधना तथा उनका धन्यवाद करते हुए मां गंगा-यमुना या किसी अन्य नदी या जल स्त्रोत के किनारे इस पूजा को मनाते हैं। इस ब्रत को करने से संतान की प्राप्ति होती है तथा इस व्रत को करने वाले सभी प्राणियों की मनोकामनाये पूर्ण होती है।



यह पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाई जाती है। और यह भगवान सूर्य को समर्पित है। बिहार और पूर्वांचल के निवासी आज जहां भी हैं वे सूर्य भगवान को अर्ग देने की परंपरा को आज भी कायम रखे हुए हैं।

यही कारण है कि आज यह पर्व बिहार और पूर्वांचल की सीमा से निकलकर देश विदेश में मनाया जाने लगा है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व बड़ा ही कठिन है। इसमें शरीर और मन को पूरी तरह साधना पड़ता है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान राम सूर्यवंशी थे और उनके कुल देवता सूर्यदेव थे। इसलिए भगवान राम जब लंका से रावण वध करके अयोध्या वापस लौटे तो अपने कुलदेवता का आशीर्वाद पाने के लिए उन्होंने देवी सीता के साथ षष्ठी तिथि का व्रत रखा और सरयू नदी में डूबते सूर्य को फल, मिष्ठान एवं अन्य वस्तुओं से अर्घ्य प्रदान किया। सप्तमी तिथि को भगवान राम ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य देव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राजकाज संभालना शुरु किया। इसके बाद से आम जन भी सूर्यषष्ठी का पर्व मनाने लगे ।

एक अन्य कथा के अनुसार एक राजा प्रियव्रत थे उनकी पत्नी थी मालिनी ।राजा रानी निःसंतान होने से बहुत दुःखी थे। उन्होंने महर्षि कश्यप से पुत्रेष्ठि यज्ञ करवाया। यज्ञ के प्रभाव से मालिनी गर्भवती हुई परंतु नौ महीने बाद जब उन्होंने बालक को जन्म दिया तो वह मृत पैदा हुआ। प्रियव्रत इस से अत्यंत दुःखी हुए और आत्म हत्या करने हेतु तत्पर हुए । प्रियव्रत जैसे ही आत्महत्या करने वाले थे उसी समय एक देवी वहां प्रकट हुईं। देवी ने कहा प्रियव्रत मैं षष्टी देवी हूं। मेरी पूजा आराधना से पुत्र की प्राप्ति होती है, मैं सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ण करने वाली हूं। अतः तुम मेरी पूजा करो तुम्हे पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी। राजा ने देवी की आज्ञा मान कर कार्तिक शुक्ल षष्टी तिथि को देवी षष्टी की पूजा की जिससे उन्हें पुत्र की प्राप्ति हुई । और उसी दिन से छठ व्रत का अनुष्ठान चला आ रहा है।इस त्यौहार को बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं भारत के पड़ोसी देश नेपाल में हर्षोल्लास एवं नियम निष्ठा के साथ मनाया जाता है। इस त्यौहार की यहां बड़ी मान्यता है। इस महापर्व में देवी षष्टी माता एवं भगवान सूर्य को प्रसन्न करने के लिए स्त्री और पुरूष दोनों ही व्रत रखते हैं। व्रत चार दिनों का होता है पहले दिन यानी चतुर्थी को आत्म शुद्धि हेतु व्रत करने वाले केवल अरवा खाते हैं । तत्पश्चात षष्टी के दिन घर में पवित्रता एवं शुद्धता के साथ उत्तम पकवान बनाये जाते हैं। संध्या के समय पकवानों को बड़े बडे बांस के डालों तथा टोकरीयों में भरकर नदी, तालाब, सरोवर आदि के किनारे(घाट) ले जाया जाता है। फिर व्रत करने वाले भक्त उन डालों को उठाकर डूबते सूर्य एवं षष्टी माता को आर्घ्य देते हैं। और फिर सूर्यास्त के पश्चात लोग अपने-अपने घर आ जाते हैं। छठ व्रत के दौरान रात भर जागरण किया जाता है और सप्तमी के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पुनः संध्या काल की तरह डालों में पकवान, नारियल, केला, मिठाई भर कर नदी तट पर लोग जमा होते हैं। व्रत करने वाले सभी व्रतधारी सुबह के समय उगते सूर्य को आर्घ्य देते हैं। अंकुरित चना हाथ में लेकर षष्टी व्रत की कथा कही और सुनी जाती है। कथा के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है और फिर सभी अपने-अपने घर लौट आते हैं। तथा व्रत करने वाले इस दिन पारण करते हैं।

इस पर्व के विषय में मान्यता है कि षष्ठी माता और सूर्य देव से इस दिन जोभी मांगा जाता है वह मनोकामना पूरी होती है । इस अवसर पर मनोकामना पूरीहोनेपर बहुत से लोग सूर्य देव को दंडवत प्रणाम करते हैं। सूर्य को दंडवत प्रणाम करने का व्रत बहुत ही कठिन होता है, लोग अपने घर में कुल देवी या देवता को प्रणाम कर नदी तट तक दंड देते हुए जाते हैं। दंड प्रक्रिया के अनुसार पहले सीधे खडे होकर सूर्य देव को प्रणाम किया जाता है फिर पेट की ओर से ज़मीन पर
लेटकर दाहिने हाथ से ज़मीन पर एक रेखा खींची जाती है. यही प्रक्रिया नदी तट
तक पहुंचने तक बार बार दुहरायी जाती है ।भगवान सूर्यदेव के प्रतिभक्तों के अटलआस्था का अनूठा पर्व छठ हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी से सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है। इस साल छठ पर्व 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2022 तक मनाया जाएगा। मार्कण्डेय पुराण में छठ पर्व के बारे में विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।दिवाली के ठीक छह दिन बाद मनाए जानेवाले इस महाव्रत की सबसे कठिन और साधकों हेतु सबसे महत्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी की होती है, जिस कारण हिन्दुओं के इस परम पवित्र व्रत का नाम छठ पड़ा। चार दिनों तक मनाया जाने वाला सूर्योपासना का यह अनुपम महापर्व मुख्य रूप से बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष में बहुत ही धूमधाम और हर्सोल्लास से मनाया जाता है ।

# भारत की विशाल जनसंख्या और बड़ी संख्या में युवा होंगे भविष्य की संपदा



संजीव ठाकुर,
रायपुर
छत्तीसगढ़

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगाद्य निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैंद्य भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए द्य अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। बहुत अधिक जनसंख्या देश में अनेक सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक समस्याओं को जन्म भी देती है। वर्तमान में भारत 135 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है पहले नंबर पर चाइना 145(अनुमानित)करोड़ की आबादी वाला देश है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 1989 से 11 जुलाई को हर वर्ष जनसंख्या दिवस के रूप में मनाता है पर जनसंख्या नियंत्रण या जनसंख्या नियोजन पर भारत जैसे देश में कोई भी योजना नहीं बनती है। यही जनसंख्या बढ़ चुकी है और भारत में युवा जनसंख्या 55त्न से ज्यादा है तो इसका सकारात्मक उपयोग ही किया जाना युक्ति युक्त होगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से भारत की जनसंख्या बाजार की ताकत है पर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से जनसंख्या विकास के लिए बड़ी बाधक भी है। अधिक जनसंख्या के दबाव में सीमित संसाधन छिन्न-भिन्न हो जाते हैं आम जनता को उनकी मूल जरूरतों की आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पाती और यदि मिलती भी है तो बहुत ऊंची दरों में या बहुत महंगाई के बाद।ऐसे में देश में अनेक समस्याएं पैदा होती है, और सबसे ज्यादा जनसंख्या के दबाव से विकास के लिए संकट खड़ा हो जाता है। विकास धीरे-धीरे मध्यम का अवरुद्ध हो जाता है। देश का आर्थिक नियोजन चरमराने लगता है। वर्ष 1951 से 81 के दशक को भारत की जनसंख्या की विस्फोटक अवधि के रूप में जाना जाता है। यह देश में मृत्यु दर के तीव्र स्खलन और जनसंख्या की उच्च प्रजनन दर के कारण हुआ है। वर्ष 1921 तक की अवधि में भारत की जनसंख्या की वृद्धि स्थिर अवस्था में रही क्योंकि इस अवधि में जनसंख्या वृद्धि की दर काफी निम्न थी। 1981 से लगातार अभी तक जनसंख्या की दर बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा बढ़ती जनसंख्या के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस स्लोगन %परिवार नियोजन मानव का अधिकार% रखा गया है, ताकि बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं के प्रति जागरूक होकर लोगों द्वारा परिवार नियोजन पर उत्साहजनक जोर दिया जाए। यह स्लोगन यह संकेत करता है कि सुरक्षित एवं शैक्षिक परिवार नियोजन एक जिम्मेदार नागरिक का अधिकार है और यह सभी लोगों को सशक्त बनाएगा और देश में विकास की गति को तेज करने में सहायक भी होगा। भारत की जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण बढ़ती जन्म दर और कम मृत्यु दर भी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण देश मैं बेरोजगारी गरीबी पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं चुनौती बनकर सामने आई जो समाज व्यक्ति और राष्ट्र सभी के विकास को अवरुद्ध करती है। हमारे पास उपलब्ध संसाधन इतनी बड़ी आबादी के लिए कतई पर्याप्त नहीं है। विकास और देश की समृद्धि के लिए जनसंख्या नियंत्रण एक आवश्यक अंग हो सकता है। कई यूरोपीय देशों ने अपनी बढ़ती जनसंख्या एवं संसाधनों में उचित तालमेल हेतु परिवार नियंत्रण प्रणाली को का निर्णय लिया किंतु एक समय बाद वहां कार्यशील जनसंख्या की अपेक्षा वृद्धों की संख्या में वृद्धि हुई जिससे मानव संसाधन की समस्याएं उनके सामने आने लगी हैं। चीन में पहले जनसंख्या नियंत्रण किया गया था। सरकार ने वैधानिक रूप से एक या दो बच्चे पैदा करने की शर्तें लागू की थी, पर वहां बुजुर्गों, वृद्धों की



संख्या में भारी वृद्धि होने के पश्चात चीन की सरकार ने ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपनी जनता से अपील की है। जापान एक छोटा सा देश होने के बावजूद अपने सीमित संसाधनों के चलते अपने नवाचार तथा तकनीकी शक्ति के बल पर विकासशील देशों के समकक्ष खड़ा है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजना कानों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा ,परंपरागत स्त्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

# भगिनी निवेदिता,भारत के लिए सर्वस्व न्यौछावर



हेमेन्द्र
क्षीरसागर
बालाघाट
मध्यप्रदेश

स्वामी विवेकानन्द से जग में कोई अछूता ना रहा। अभिभूत स्वामी जी से प्रभावित होकर आयरलैण्ड की युवती मार्गरेट नोबेल ने अपना जीवन भारत माता की सेवा में लगा दिया। प्लेग, बाढ़, अकाल आदि में उन्होंने समर्पण भाव से जनता की सेवा की। 28 अक्तूबर, 1867 को जन्मी मार्गरेट के पिता सैम्युअल नोबल आयरिश चर्च में पादरी थे। बचपन से ही मार्गरेट नोबेल की रुचि सेवा कार्यों में थी। वह निर्धनों की झुग्गियों में जाकर बच्चों को पढ़ाती थी। एक बार उनके घर भारत में कार्यरत एक पादरी आये। उन्होंने मार्गरेट को कहा कि शायद तुम्हें भी एक दिन भारत जाना पड़े। तब से मार्गरेट के सपनों में भारत बसने लगा। मार्गरेट के पिता का 34 वर्ष की अल्पायु में ही देहान्त हो गया। मरते समय उन्होंने अपनी पत्नी मेरी से कहा कि यदि मार्गरेट कभी भारत जाना चाहे, तो उसे रोकना नहीं। पति की मृत्यु के बाद मेरी अपने मायके आ गयी। वहीं मार्गरेट की शिक्षा पूर्ण हुई। 17 साल की अवस्था में मार्गरेट एक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने लगी। कुछ समय बाद उसकी सगाई हो गयी; पर विवाह से पूर्व ही उसके मंगेतर की बीमारी से मृत्यु हो गयी। इससे मार्गरेट का मन संसार से उचट गया; पर उसने स्वयं को विद्यालय में व्यस्त कर लिया।



### हृदय के तार झंकृत हो उठे

1895 में एक दिन मार्गरेट की सहेली लेडी इजाबेल मारगेसन ने उसे अपने घर बुलाया। वहाँ स्वामी विवेकानन्द आये हुए थे। स्वामी जी 1893 में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में भाषण देकर प्रसिद्ध हो चुके थे। उनसे बात कर मार्गरेट के हृदय के तार झंकृत हो उठे। फिर उसकी कई बार स्वामी जी भेंट हुई। जब स्वामी जी ने भारत की दुर्दशा का वर्णन किया, तो वह समझ गयी कि वह जिस बुलावे की प्रतीक्षा में थी, वह आ गया है। वह तैयार हो गयी और 28 जनवरी, 1898 को कोलकाता आ गयी। यहाँ आकर उन्होंने सबसे पहले बंगला भाषा सीखी; क्योंकि इसके बिना निर्धन और निर्बलों के बीच काम करना सम्भव नहीं था। 25 मार्च, 1898 को विवेकानन्द ने मार्गरेट को भगवान शिव की पूजा विधि सिखायी और उसे 'निवेदिता' नाम दिया। इसके बाद उसने स्वामी जी के साथ अनेक स्थानों का प्रवास किया। लौटकर उसने एक कन्या पाठशाला प्रारम्भ की। इसमें बहुत कठिनाई आयी। लोग लड़कियों को पढ़ने भेजना ही नहीं चाहते थे। धन का भी अभाव था; पर वह अपने काम में लगी रही।

### स्वतन्त्रता आन्दोलन में सक्रिय

1899 में कोलकाता में प्लेग फैल गया। निवेदिता सेवा में जुट गयीं। उन्होंने गलियों से लेकर घरों के शौचालय तक साफ किये। धीरे-धीरे उनके साथ अनेक लोग जुट गये। इससे निबट कर वह विद्यालय के लिए धन जुटाने विदेश गयीं। दो साल के प्रवास में उन्होंने धन तो जुटाया ही, वहाँ पादरियों द्वारा हिन्दू धर्म के विरुद्ध किये जा रहे झूठे प्रचार का भी मुँहतोड़ उत्तर दिया। वापस आकर वह स्वतन्त्रता आन्दोलन में भी सक्रिय हुईं। उनका मत था कि भारत की दुर्दशा का एक कारण विदेशी गुलामी भी है। बंग भंग का उन्होंने प्रबल विरोध किया और क्रान्तिगीत 'वन्दे मातरम्' को अपने विद्यालय में प्रार्थना गीत बनाया। उन्होंने अनेक पुस्तकें भी लिखीं। अथक परिश्रम के कारण वह बीमार हो गयीं। 13 अक्तूबर, 1911 को दार्जिलिंग में उनका देहान्त हुआ। मृत्यु से पूर्व उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति बेलूर मठ को दान कर दी। ऐसी दानवीर, ज्ञानवीर, कर्मवीर, मानव शिल्पी, मां भारती की बेटी की समाधि पर लिखा है- यहाँ भगिनी निवेदिता चिरनिद्रा में सो रही हैं, जिन्होंने भारत के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। जो आज भी अनुकरणीय और कालजयी है।

# ऋणों से घिरा युवा दहेज का विरोध करे भी तो कैसे?



गौरव
हिन्दुस्तानी
बरेली,
उत्तर प्रदेश

लेख लिखे जाते हैं, मंचों पर लंबे-लंबे भाषण दिए जाते हैं, संविधान में धाराएं निर्धारित की जाती है



किंतु फिर भी दहेज का दानव मरता नहीं; आखिर क्यों? क्या केवल समाज को तब स्मरण होता है जब वह बेटी का ब्याह करता है तब मौन क्यों हो जाता है जब वह बेटे का ब्याह करता है; तब लालच लोभ क्यों जागृत हो जाता है? बहरूपिया हो चुका है यह समाज। बेटी के ब्याह पर दहेज-दहेज की दुहाई देता है परंतु लड़के की शादी में खुलकर सामान बटोरता है। यदि अशिक्षितों द्वारा यह दान दहेज का आडंबर किया जाए तब एक बार को नकारा भी जा सकता है किन्तु हृदय तब विदीर्ण हो जाता है जब शिक्षित समाज इस दहेज़ के दानव को प्रोत्साहित करता है। छोटी-छोटी बातों पर आंदोलन करता युवा, सड़कों पर धरना देता युवा, आखिर इस आडम्बर पर मौन क्यों है? क्या कोई मजबूरी है? क्या इस दहेज़ के दानव पर उनका खून नहीं खौलता है? क्या यह उन लड़कों की योग्यता एवं उनके अस्तित्व पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाता? निःसंदेह, उन्हें झकझोरता होगा, उनके अंतर्मन पर चोट करते होंगे ये ढेरों प्रश्न, शादी विवाह के अवसरों पर किसी प्रताड़ना से कम नहीं होते होंगे यह प्रश्न परंतु। अपनों से घिरा लड़का मौन रहकर सब इसलिए स्वीकार लेता होगा यह समस्त कुरीतियां क्योंकि वह बँधा है अपनों से, उनके ऋणों से, चाहे वह माता-पिता के लालन-पालन का ऋण हो या फिर सगे संबंधियों के मान-सम्मान का। वह चाहते हुए भी विरोध नहीं कर पाता इन कुरीतियों का , वह नहीं तोड़ना चाहता उनके हृदयों को, वह नहीं होना चाहता श्रेष्ठ उनकी दृष्टि में और बन्द कर लेता है अपनी सच्चाई की आँखों को एवं स्वीकार कर लेता है अपने चरित्र पर वे समस्त दाग जो समाज निरन्तर अपने तर्क, तंजों के माध्यम से लगाता रहता है।

## भाई-दूज



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़

भाई बहन की लड़ाई
नमकीन संग मिठाई
रिश्तो मे खूबसूरत है
एक दूजे की मुरत है
माँ की आँख के तारे है
सबको अति है प्यारे है
नोक-झोक संग बचपना
दिन-रात देखें नव सपना
माँ-बाबा के राज दुलारे है
उनकी आँखों के तारें है
निश्छलता की जो मूरत है
लगते कितने खूबसूरत है
हंसी ठीठोली दिनभर करते
खेलते कूदते कभी ना थकते
शरारतो मे ही बढ़ता जीवन
बढ़ता और संवरता जीवन
यह जीवन का मधुर राग है
जहाँ पुष्प वही तो पराग है
बहनो संग खेलते सब भाई
भाई दूज की हार्दिक बधाई

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# चार दिवसीय महापर्व आज से,तैयारी में जुटे श्रद्धालु

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। . लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को नहाय खाय से प्रारंभ हो जायेगा। इस पवित्र मौके पर छठ व्रतियों द्वारा साफ-सफाई के साथ प्रसाद की सामग्रियों की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई। व्रती महिलाएं व्रत से पूर्व सारी सामग्रियों की तैयारी में जुट गई हैं। पर्व को लेकर बाजार में काफी चहल-पहल देखी गई। छठ की पूजा में प्रयुक्त सामग्रियों की खरीदारी के लिए बाजार में चहलकदमी बढ़ गई थी। नहाय खाय के दिन ही कद्दू भात खाने की परंपरा है। इसलिए कद्दू की खरीदारी के लिए बाजार में खरीदारों की लाइन लगी थी।

प्रकृति पर्व के रूप में विख्यात छठ में विधि-विधान का काफी महत्व रहा है। यही कारण है कि छठ पर्व में व्रती खुद से प्रसाद सामग्रियों की तैयारी करते हैं। इसलिए व्रती महिलाएं गेहूं और अन्य सामग्रियों से बनने वाले प्रसाद को खुद से साफ-सफाई करने के बाद बड़े ही निष्ठा पूर्वक तैयार करती हैं। दीपावली के छह दिन के उपरांत कार्तिक मास की षष्ठी तिथि को छठ पर्व मनाया जाता है। शुक्रवार के नहान खान के बाद शनिवार को खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। व्रती संतान की प्राप्ति, सुख-समृद्धि, संतान की दीघार्यु और आरोग्य की कामना के लिए साक्षात सूर्य देव और छठी मैया की आराधना करती हैं। छठ महापर्व के के लिए खरीदारी शुरू हो गई है। गुरुवार को शहर के गुदरी बाजार में व्रती छठ की खरीदारी करतीं नजर आईं। लोगों ने बाजार से गेहूं, सूप, दउरा व फल, वस्त्र सहित फल व पूजन सामग्रियों की खरीदारी की। बाजार में दुकानदारों ने अच्छी खासी तैयारी भी कर रखी है। सूप 3 सौ रुपए जोड़ा तो दउरा 3 से 4 सौ रुपए प्रति पीस बिक रहा है। वही लोग पित्तल का सूप भी खरीद रहे हैं। सूप में ही प्रसाद भरकर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने का नियम है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छठ घाट की साफ-सफाई अंतिम चरण हैं। समिति द्वारा दिन रात मेहनत कर छाठ घाटों की सफाई व रंगरोगन का काम कराया जा रहा है। शहर के शंकर घाट स्थित छठ घाट की सफाई पिछले कई दिनों से चल रही है। समिति द्वारा लाइट, रंगाई-पुताई के साथ-साथ व्रतियों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। उनके रूकने, कपड़ा बदलने, बैठने के लिए टेंट लगाए गए हैं। वहीं शहर से लगे घुनघुट्टा डेम स्थित छठ घाट की भी तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है। वहीं शहर के अन्य छट घाटों पर काफी तेजी से साफ-सफाई व अन्य काम चल रहे हैं।



### चार दिनों तक चलता है यह महापर्व

छठ का महापर्व 28 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू हो गया है। इस दिन व्रती अनिवार्य रूप से नहा कर ही भोजन करते हैं। इसके बाद खरना 29 अक्टूबर को होगा। इस दिन पूरे दिन छठ श्रद्धालु उपवास रख कर शाम को खीर पूड़ी का प्रसाद ग्रहण करेंगी। 30 को अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। फिर इसके दूसरे दिन सुबह उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ चार दिवसीय छठ पर्व पूर्ण हो जायेगा।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारियों की लगाई गई मजिस्ट्रियल ड्यूटी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया है कि छठ पूजा का त्यौहार 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2022 तक मनाया जाना है। छठ पूजा त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी अम्बिकापुर प्रदीप कुमार साहू को संपूर्ण अनुभाग क्षेत्र अम्बिकापुर के लिए, अनुविभागीय दण्डाधिकारी उदयपुर शिवानी जायसवाल को अनुभाग उदयपुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी रवि राही को सीतापुर अनुभाग, अनुविभागीय दण्डाधिकारी रामसिंह ठाकुर को अनुभाग लुण्ड्रा का दायित्व सौंपा गया है। डिप्टी कलेक्टर जेआर सतरंज व नायब तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा को शंकरघाट, प्रभारी तहसीलदार दरिमा प्रमोद देवहरे व नायब तहसीलदार ईश्वर चंद्र यादव को श्याम घुनघुट्टा डैम दरिमा, तहसीलदार अम्बिकापुर भूषण सिंह मण्डावी को सिटी कोतवाली क्षेत्र अम्बिकापुर व समस्त पूजा स्थल, नायब तहसीलदार अजय गुप्ता को थाना गांधीनगर क्षेत्र व पूजा स्थल तथा नायब तहसीलदार सिद्धार्थ सिंह चौहान को मणीपुर चौकी एवं पूजा स्थल के लिए मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है।

# कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त मंदिर में की कलम-दवात की पूजा





-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। कायस्थ समाज द्वारा चित्रगुप्त पूजन के अवसर पर गुरुवार को गुदरी बाजार स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर में कलम-दवात की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान कई धार्मिक अनुष्ठान और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वहीं चित्रगुप्त पूजा की पूर्व संध्या पर समाज के लोगों द्वारा शहर में शोभायात्रा निकाली गई थी। कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त की पूजा श्रद्धभाव के साथ की गई। मुख्य आयोजन गुदरी बाजार स्थित चित्रगुप्त मंदिर में हुआ। गुरुवार की सुबह से मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद समाज के लोगों द्वारा भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार समाज द्वारा कलम-दवात की पूजा की गई। पूजन के बाद सामूहिक हवन का आयोजन किया गया। हवन पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हेमंत सिन्हा, जेपी श्रीवास्तव, अनूप मेहता, मनोज वर्मा, स्वर्ण मेहता, आरएन खरे, पपन सिन्हा, संजीव मंदिलवार, संजय अंबष्ट सहित काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



# युवा मितानों ने की तालाब की सफाई

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 12 में छठ पूजा के लिए संत हरकेवल तालाब की साफ सफाई की शुरुआत राजीव युवा मितान के सदस्यों के द्वारा की गई। नगर निगम के द्वारा लेबर और जे सी बी प्रदान किया गया और क्लब के सदस्यों द्वारा श्रम दान किया गया। राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने शहर के सबसे उपेक्षित तालाब से सफाई अभियान की शुरुआत की। तालाब से कई ट्रेक्टर मलबा और जल कुम्भी निकाला गया। इस कार्य मे राजीव युवा मितान के जिला समन्वयक शैलेंद्र प्रताप सिंह विधानसभा समन्वयक नीतीश चौरसिया ,हेमंत तिवारी,एल्डरमैन सौरभ फ़िलिप वार्ड अध्यक्ष अलंकार तिवारी,सचिव अवधेश विश्वकर्मा,उपाध्यक्ष एवं क्लब के सदस्य आयुष पासवान,दीपक गुप्ता,शशिकांत निर्मलकर,अमन यादव,ऋषि गुप्ता अंकित सोनी,संतोष गुप्ता, शशि शर्मा,रंजन सैनी,बाला यादव, एवं नगरनिगम अधिकारी कर्मचारियों का योगदान रहा।

# घुनघुट्टा तट पर 11 सौ से ज्यादा परिवार सूर्य को अर्घ्य देंगे



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। लोक आस्था का महापर्व छठ के लिए घुनघुट्टा नदी का छठ घाट पूरी तरह तैयार है। श्याम सेवा समिति घुनघुट्टा में आयोजन की तैयारियों में जुटी है। 11 सौ छठ व्रती महिलाओं के लिए सूप रखने और तीन हजार से ज्यादा वाहनों की व्यवस्थित और निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

श्याम सेवा समिति के संरक्षक राकेश गुप्ता ने बताया साफ तट , निर्मल जल और सुरक्षित बहते हुए नदी के चलते घुनघुट्टा नदी का तट छठ व्रतियों की पहली पसंद है। साल दर साल बढ़ती भीड़ को व्यवस्थित रखने लिए समिति द्वारा घाट का विस्तार किया गया है। इस साल नदी के दोनों तट पर कुल 11 सौ व्रती महिलाओं के लिए सूप रखने का स्थान व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है। व्रतियों को उनके स्थान का टोकन दिया जा रहा है। पुल के दूसरी ओर बिजली सब स्टेशन के पास करीब 8 एकड़ में चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पुल के पहले दो हजार दोपहिया गाड़ियों की पार्किंग का इंतजाम है। इस बार वाराणसी के पुरिहतो द्वारा मंत्रोचार के बीच गंगा आरती और आतिशबाजी मुख्य आकर्षण होगा। दिनांक 29 अक्तूबर को घाट पूजा 11 बजे दिन में, गंगा आरती 30 अक्टूबर में शाम 6-30 बजे और 31 अक्टूबर को प्रातः 5 बजे होगा। घाट को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। सम्पूर्ण आयोजन की तैयारियों में समिति के अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता,नारद गुप्ता,संजू कश्यप,शशि पांडे,गीता कुशवाहा, उत्तम रजवाड़े, मनोज कश्यप,प्रेम कुशवाहा,पंकज, नीरज, संदीप, राकेश सोनी, कुशवंत आदि सक्रिय हैं।

# तकनीकी शिक्षा विभाग उप समिति ने खाद्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ( तकनीकी शिक्षा विभाग उप समिति) जिला सरगुजा द्वारा गुरुवार को छत्तीसगढ़ के समस्त पालीटेक्निक कालेज में सेवा भर्ती नियम अविलंब लागू कराने के संबंध में छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने में प्रदेश महामंत्री कमलेश सोनी, अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, सचिव आशुतोष दुबे, संतोष शर्मा, संजय यादव, प्रताप सिंह, केदारनाथ, निरंजन पैकरा, आलोक सिंह, इन्दरजीत देवांगन आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में शराबबंदी आपसी सद्भावना को लेकर पदम श्री राज मोहनी देवी संस्था के लोग निकाले पदयात्रा पर

-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर ,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। प्रदेश में शराबबंदी की मांग लंबे समय से की जा रही है। कांग्रेस की घोषणापत्र में भी यह शामिल रहा है। इसके लिए समिति भी बनाई गई है, लेकिन तीन साल बाद भी समिति की रिपोर्ट सामने नहीं आई। इन सबके बीच शराबबंदी की मांग को लेकर आदिवासी बापू धर्म सभा श्री माता राजमोहिनी देवी के संस्था के अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह टेकाम व पदम श्री माता राज मोहनी देवी की पुत्री राम बाई के नेतृत्व में जनजागरण अभियान शुरू कर दिया है। सैकड़ों ग्रामीणों के साथ पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी आश्रम प्रतापपुर खोरमा आश्रम से सोनगरा आश्रम पदयात्रा शुरू हो गई दो दिवसीय पदयात्रा का समापन सोनगरा आश्रम में किया जाएगा शराबबंदी मांग को लेकर जनजागरण अभिया पहली बार उन्होंने शराब छोड़ाबो, गांव बचाबो का नारा देकर इसे आंदोलन का रूप दिया है। इस दौरान माता राजमोहिनी देवी आश्रम खोरमा से लेकर आश्रम सोनगरा तक यात्रा की जाएगी इस दौरान प्रतापपुर धरमपुर सिंगल डोल होकर मानपुर होते हुए केरता में रात्रि विश्राम और उसके बाद फिर से कल पुनः यात्रा प्रारंभ कर सोनगरा आश्रम में पद यात्रा का समापन किया जाएगा इस दौरान रामचरित्र प्रजापति पूरन सिंह सेवादल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष अनिल रवि प्रदेश महासचिव रोहन राजवाड़े सहित सैकड़ों माता के अनुयाई पदयात्रा में शामिल थे




### शराबबंदी का सरकार का वादा फेल

साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा वचन पत्र में पूर्ण शराबबंदी का वादा किया था। इस वादे के कारण 15 साल के बाद आम जनता ने कांग्रेस को भारी मतों से जिता कर सत्ता सौंपी थी, लेकिन दुखद है कि सरकार के तीन साल पूरे हो जाने के बाद भी शराबबंदी नहीं की गई है। जबान देने के बाद भी सरकार शराबंदी को टालती आ रही है।

# संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाडे होंगे जिला स्तरीय राज्योत्सव के मुख्य अतिथि

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर 2022 को आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व भटगांव विधायक श्री पारसनाथ राजवाड़े होंगे। एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन कलाकेंद्र मैदान में होगा। राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय स्टाल, हितग्राहियों को चेक व सामग्री वितरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सम्बंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं गरिमामय व सुव्यवस्थित आयोजन हेतु दायित्व सौंपा।



कलेक्टर ने जिला स्तरीय आयोजन हेतु कलाकेन्द्र मैदान में साफ-सफाई, टेंट, साउंड सिस्टम, मंच व्यवस्था, पार्किंग, विभागीय स्टाल, पेयजल, बैठक व्यवस्था इत्यादि की व्यवस्था समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव में विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल आकर्षक व उद्देश्य पूर्ण हो। रात्रि में स्टालों में रोशनी की भी व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत किये जाने वाले गीत देशभक्ति व राज्य के सम्मान व गरिमा के भाव से युक्त हो। स्कूली बच्चां द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम छोटा व आकर्षक हो। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु कलाकारों के चयन में संस्कृति विभाग द्वारा पंजीकृत कलाकारों को प्राथमिकता देने कहा।

# भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनों ने मनाया भाई दूज का त्योहार



-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। भाइयों की लंबी उम्र के लिए बहनों द्वारा किया जाने वाला भाई दूज का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। महिलाएं समूह में अपने भाई के लंबी उम्र की कामना के लिए गोवर्धन पूजा कर गोधन कुटीं। भाई दूज के मौके पर बहनें अपने भाईयों को तिलक लगाई और प्रसाद खिलकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि और अच्छे भाग्य की कामना कीं। इस दौरान भाइयों ने बहन के लिए उपहार दिया।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ली धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा बैठक

## समर्थन मूल्य में धान खरीदी की तैयारियां जिले में लगभग पूरी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,27 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए धान खरीदी की तैयारी सहित जिलों के विभिन्न एजेंडों की समीक्षा की। जिलों के कलेक्टर्स को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव श्री जैन ने धान खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां कर लेने पर बल दिया। ज़िले में अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन की कार्रवाई ऑनलाइन नामांतरण पंजी के ज़रिए नियमानुसार समय-सीमा में करने कहा है।

बैठक में मुख्य सचिव द्वारा पंचायतों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा की गई। राज्य योजना आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के जिला इंडिकेटर फ्रेमवर्क का पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया गया। ज्ञात हो कि जिले में भी मानव विकास के 17 लक्ष्य चिन्हांकित कर आगामी 2030 तक पूरा करने हैं। इसके लिए 82 सूचकांक के आधार पर ज़िले के 23 चयनित विभागों को प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।


वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने खाता विभाजन की

कार्रवाई ऑनलाइन नामांतरण पंजी के ज़रिए नियमानुसार समय-सीमा में करने कहा है। विपणन वर्ष 2022-23 के तहत ज़िले में आगामी एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। ज़िला विपणन कार्यालय में खरीफ सीजन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। अवैध धान के भंडारण और परिवहन पर नकेल कसने ज़िले के सीमावर्ती क्षेत्रों में पांच चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इसी तरह कोचियों और बिचौलियों के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित् करने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस साल भी केंद्रों से उपार्जित धान को मिलर्स सीधे उठाएंगे। कस्टम मिलिंग के लिए मिलर्स से आवेदन मिलना शुरू हो गया है। अगले एक सप्ताह में सभी मिलर्स का पंजीयन करा लिया जाएगा।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सीईओ ज़िला पंचायत श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री अमृत लाल ध्रुव, निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अतिरिक्त बैठक 3 को,फिर बढ़ेंगी ब्याज दरें

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ी बड़ी खबर आई है. भारतीय रिजर्व बैंक ने ऐलान किया है कि इसकी मौद्रिक नीति समिति आने वाली 3 नवंबर को अतिरिक्त बैठक आयोजित करेगी. अब इस खबर से सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या आरबीआई एक बार फिर दरें बढ़ाने का फैसला लेने जा रहा है क्योंकि देश में महंगाई के आंकड़े काबू में नहीं आ रहे हैं.

क्या होगा मीटिंग का फोकस

साफ है कि देश में बढ़ती महंगाई को लेकर चिंताएं सरकार को ही नहीं आर्थिक विशेषज्ञों को भी सता रही हैं, आरबीआई लगातार अपनी हरेक एमपीसी की मीटिंग में इसको लेकर अपनी चिंता जताता रहता है और इस मीटिंग का फोकस भी महंगाई पर नियंत्रण को लेकर कदम उठाने पर ही होगा.

**आरबीआई एक्ट के सेक्शन 45ZN के तहत होगी मीटिंग**

ये अप्रत्याशित बैठक भारतीय रिजर्व बैंक के आरबीआई एक्ट के सेक्शन 45ZN के तहत बुलाई गई है. आरबीआई अपने महंगाई के टारगेट को पूरा करने में असफल रहा है और इसी को लेकर इस मीटिंग में कारणों, प्रभाव और कदमों पर चर्चा की जाएगी, ऐसा माना जा रहा है. इस मीटिंग के बाद आरबीआई एक्ट के तहत केंद्र सरकार को इस बैठक की रिपोर्ट जमा की जाएगी.



आरबीआई एक्ट के तहत इस रिपोर्ट में महंगाई के लक्ष्य को पूरा करने से चूक क्यों हुई, कैसे हुई और इसके क्या कारण रहे-इन सब पर तो विचार विमर्श की जानकारी होगी ही, साथ ही इस बात का भी विवरण होगा कि कैसे इस महंगाई के तय लक्ष्य को पूरा किया जा सके और इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

**12 अक्टूबर को आए थे रिटेल महंगाई के आंकड़े**

12 अक्टूबर को देश में रिटेल महंगाई दर के आंकड़े आए थे जिसमें कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित सितंबर की महंगाई दर बढ़कर 7.41 फीसदी पर आ गई थी. ये लगातार आरबीआई के तय लक्ष्य से दूर का आंकड़ा बना हुआ है और खाने-पीने के सामान सहित अन्य महंगाई दर की हालत बयां करते हैं.

**US Fed की बैठक के अगले दिन ही है आरबीआई की बैठक**

एक बात ये चौंकाने वाली है कि आरबीआई ने 3 नवंबर को एमपीसी की अप्रत्याशित बैठक बुलाई है जबकि इससे ठीक एक दिन पहले अमेरिका में फेडरल रिजर्व की बैठक भी है. माना जा रहा है कि इस बार फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में मामूली बढ़ोतरी कर सकता है, तो क्या इसका असर आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के कार्यकलाप पर भी पड़ सकता है, ये देखना होगा।

# रेलवे के लिए बेहद खास होगा नवंबर माह, देश में पहली बार ट्रैक पर दौड़ेगी ये ट्रेन

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** भारतीय रेलवे के लिए नवंबर माह का महीना बेहद खास बताया जा रहा है. आपको बता दें कि इस माह रेलवे एक नई गाड़ी चलाने जा रही है, जो देश की पहली गाड़ी होगी. हालांकि इसके चलने का दिन फाइनल अभी तय नहीं हुआ है. नवंबर के महीने में 5वीं वंदेभारत ट्रेन चलाई जा रही है.




**रेलवे मंत्रालय की तैयारी शुरू**

आपको बता दें कि देश में सेमी बुलेट ट्रेन की तर्ज पर जल्द ही माल की ढुलाई हो सकती है. रेलवे मंत्रालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. वंदेभारत की तर्ज पर फ्रेट ईएमयू आईसीएफ चेन्नई में तैयार की जा रही है. रेलवे मंत्रालय का कहना है कि नवंबर के अंत तक पहली फ्रेट ईएमयू तैयार कर ट्रैक पर उतार दी जाएगी. फ्रेट ईएमयू वंदेभारत ट्रेन से थोड़ा अलग होगी.

**वंदेभारत के प्लेटफार्म पर बनेगी फ्रेट ईएमयू**

रेलवे मंत्रालय के अनुसार फ्रेट ईएमयू वंदेभारत के प्लेटफार्म पर बनेगी. इसमें कोई खिड़की नहीं होगी. यानी ये पूरी तरह से पैक होगी. इसके सभी डिब्बे अलग-अलग होंगे. वंदेभारत ट्रेन की तरह डिब्बे जुड़े नहीं होंगे. इस तरह अलग-अलग पार्सल कंपनियां अपनी क्षमता के अनुसार डिब्बे को किराए पर ले सकते है.

**इतने होंगे कोच**

सामान उतारने और चढ़ाने के लिए 1800 एमएम के आटोमैटिक स्लाइडिंग डोर होंगे. इसमें 16 कोच होंगे. जिसकी क्षमता 264 टन होगी. कोच का एक खास तापमान रखा जाएगा, जिससे फल और सब्जियों की ढुलाई की जा सकेगी और वो खराब भी नहीं होंगी.

**नवंबर में चलेगी 5वीं वंदेभारत**

रेलवे मंत्रालय के अनुसार 5वीं वंदेभारत ट्रेन 10 नवंबर को चलेगी. जो बेंगलुरु और मैसूर को कनेक्ट करेगी. यह ट्रेन चेन्नई-बेंगलुरु-मैसूर रूट पर चलेगी. दक्षिण भारत में यह पहली वंदेभारत ट्रेन होगी. आज के समय में चारों वंदेभारत ट्रेन उत्तर और पश्चिम भारत में चल रही हैं.।

# भारतीय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट की धारणा अबतक मजबूतःनाइट फ्रैंक




**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** रियल एस्टेट कंपनियां, निवेशक और वित्तीय संस्थान अगले छह महीनों में रियल्टी क्षेत्र में वृद्धि को लेकर आशान्वित हैं। हालांकि, ब्याज दरों में वृद्धि और वैश्विक मंदी की आशंकाओं के कारण धारणा में नरमी आई है। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक और रियल्टी कंपनियों के निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) ने बृहस्पतिवार को 2022 की तीसरी तिमाही के लिए रियल एस्टेट धारणा सूचकांक रिपोर्ट जारी की।

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के कारण वर्तमान धारणा स्कोर अप्रैल-जून, 2022 के 62 से जुलाई-सितंबर, 2022 में मामूली रूप से घटकर 61 हो गया है।धारणा सूचकांक कंपनियों, निवेशकों और वित्तीय संस्थानों जैसे आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के सर्वेक्षण पर आधारित है। सूचकांक में 50 से ऊपर का स्कोर आशावाद को दर्शाता है, जबकि 50 के स्कोर का मतलब है कि भावना समान या स्थिर है। वहीं 50 से नीचे का स्कोर निराशावाद को दर्शाता है।

नाइट फ्रैंक ने बयान में कहा, ''वर्तमान धारणा सूचकांक का स्कोर मुख्य रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भू-राजनीतिक जोखिम की वजह से कम हो गया है। हालांकि, इसमें मामूली गिरावट आई है, यह अभी भी सकारात्मक बना हुआ है क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट की धारणा अबतक मजबूत बनी हुई है।

# हाउसिंग सेक्टर के लिए शानदार साबित हो रहा यह साल! देश के 7 बड़े शहरों में मकानों की हुई रिकॉर्ड बिक्री

**नई दिल्ली, 27 अक्टूबर 2022।** साल 2020 और 2021 में कोरोना महामारी के कारण रियल एस्टेट सेक्टर में भारी गिरावट दर्ज की गई थी. दो सालों के बाद साल 2022 हाउसिंग सेक्टर के लिए बहुत अच्छा साबित हो रहा है. इस साल देश के 7 बड़े शहरों में मकानों की जबरदस्त बिक्री हुई है. इससे पहले इस तरह की बिक्री साल 2014 में दर्ज की गई थी. इन साल शहरों में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु जैसे शहरों का नाम शामिल है. देश भर में हाउसिंग सेक्टर में आई तेजी पर रियल एस्टेट कंसल्टेंट एनारॉक ने एक रिपोर्ट जारी किया है.

**7 शहरों में बढ़ी मकान की मांग**

इस रिपोर्ट के अनुसार देश के इन 7 बड़े शहरों में कुल मिलाकर 3,42,980 मकानों की सेल हुई है. इसके साथ ही बताया जा रहा है कि यह संख्या 3.60 लाख तक पहुंच सकती है. इसके साथ ही जनवरी से लेकर सितंबर तक कुल 2.72 लाख घरों की बिक्री हुई है जो कोरोना से पहले साल 2019 की तुलना में ज्यादा है. साल 2019 में 2.61 लाख घरों की सेल हुई थी. ऐसे में ताजा आंकड़ों में यह रिकॉर्ड टूट चुका है. ऐसे में यह आंकड़ा 3.60 लाख तक पहुंचने संभावना है. यह आकड़ा इसलिए भी दिलचस्प है क्योंकि इस साल होम लोन की ब्याज दरों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है. यह 6.5त्न से बढ़कर 8.5त्न तक पहुंच चुका है. इसके बाद भी घर खरीदने वालों की उत्साह में कमी नहीं देखी जा रही है.



**त्योहारी सीजन में और आएगी तेजी**

इस मामले पर जानकारी देते हुए रियल एस्टेट क ंसल्ट ेंट एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि हाउसिंग सेक्टर के लिए साल 2022 एक ऐतिहासिक साल साबित होगा. ताजा आंकड़ों के मुताबिक यह साल पिछले कई सालों के रिकॉर्ड को तोड़ने वाला साबित होगा. इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि त्योहारी सीजन में होम बायर्स की संख्या में और ज्यादा इजाफा होने की उम्मीद है. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोगों के मन में अपने घर की भावना पैदा हुई है. ऐसे में लोग बढ़ती ब्याज दरों के बावजूद भी घर लेने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले कुछ समय में घरों की कीमतों में कम से कम 10% का इजाफा होगा.

**इन शहरों में बिके सबसे ज्यादा घर**

साल 2022 के आंकड़ों की बात करें तो जनवरी से लेकर सितंबर के महीने तक सबसे ज्यादा मकान मुंबई शहर में बिके हैं. वहीं इस लिस्ट में दिल्ली-एनसीआर का नाम दूसरे पायदान पर है. दोनों शहरों को मिलाकर कुल 1.30 लाख मकान बिके हैं. ऐसे में कुल 7 शहरों में से इन दो शहरों का शेयर 48% का है. इसके बाद आईटी सिटी हैदराबाद और बेंगलुरु में कुल बचे 52% में से 48% मकान बिके हैं. वहीं इसके बाद चेन्नई, कोलकता और पुणे जैसे शहरों का नंबर आता है।

# कई पोषक गुणों से समृद्ध होता है आइस एप्पल

दक्षिण भारत के अत्यधिक लोकप्रिय फलों में से एक आइस एप्पल पौष्टिक फल है जिसे तमिल में टडगोला कहा जाता है। यह एक नारियल जैसा फल है जो अंदर से बर्फ की तरह लगता है। यह रसदार फल फाइटोन्यूट्रिएंट्स, कार्ब्स और कैल्शियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके अतिरिक्त, यह कम कैलोरी वाला फल हाइड्रेटिंग और कूलिंग गुणों से भी समृद्ध होता है। आइए जानते हैं कि आइस एप्पल के सेवन से क्या-क्या फायदे मिलते हैं।

**त्वचा के लिए है लाभदायक**

आइस एप्पल एंटी-इंफ्लेमेटरी और कूलिंग गुणों से भरपूर होता है जो त्वचा के लिए बहुत अच्छे होते हैं। ये गुण त्वचा की सूजन को दूर करने समेत दानों और चकत्ते का इलाज कर सकते हैं। इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स कोलेजन का उत्पादन भी बढ़ाते हैं और हानिकारक मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। खुजली को शांत करने के लिए आप अपनी त्वचा के प्रभावित हिस्से पर आइस एप्पल के गूदे को भी लगा सकते हैं।

**वजन घटाने में है सहायक**

अगर आप अपना वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो अपनी डाइट में आइस एप्पल को जरूर शामिल करें। इस स्वास्थ्यवर्धक फल में उच्च पानी की मात्रा आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखती है जिससे आप अनहेल्दी चीजों के सेवन से खुद को बचा सकते हैं। इस फल में कैलोरी भी कम होती है जो वजन घटाने में मदद करती है। इसमें मौजूद डाइटरी फाइबर पाचन प्रक्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है।



**मधुमेह को करे नियंत्रित**

कार्ब्स में कम और विटामिन और खनिजों से भरपूर आइस एप्पल का सेवन मधुमेह रोगियों के लिए भी सुरक्षित है। इसमें मौजूद पोटेशियम की उच्च मात्रा इंसुलिन के बढ़े हुए उत्पादन को नियंत्रित करती है जिससे ब्लड शुगर का स्तर कम होता है। एक अध्ययन के अनुसार, जिन मधुमेह रोगियों ने आइस एप्पल खाएं, उन्होंने अपने ब्लड शुगर के स्तर में कमी का अनुभव किया। रोजाना सुबह इसका सेवन करने से आपका संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है।

**बालों को बनाता है मजबूत**

आइस एप्पल बालों का रूखापन और बेजानपन कम करके इन्हें मुलायम, स्वस्थ और चमकदार बना सकता है। यह एक प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में कार्य करता है और आपके बालों को मजबूत करने में मदद करता है। यह बालों से संबंधित समस्याओं जैसे स्प्लिट एंड्स, सन डैमेज, जल्दी गंजापन और बालों का समय से पहले सफेद होना कम करने में भी मदद करते हैं। इसकी मदद से बालों का झड़ना भी कम होता है।

**हाइड्रेट करने समेत थकान करें दूर**

अगर किसी भी कारण आप खुद में डिहाइड्रेशन और कम ऊर्जा महसूस करें तो उस दौरान आइस एप्पल का सेवन जरूर करें। इससे आपके शरीर पर कूलिंग प्रभाव पड़ेगा और प्राकृतिक रूप से डिहाइड्रेशन का इलाज होगा। इन फलों में पोटेशियम और सोडियम की उच्च मात्रा शरीर में द्रव और इलेक्ट्रोलाइट के संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करती हैं।

# नारियल के इस्तेमाल से सेहत को मिलते हैं ये पांच फायदे

नारियल कई ऐसे गुणों से भरपूर होता है जो हमारी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। नारियल का इस्तेमाल कई तरह से किया जा सकता है। आप नारियल की स्वादिष्ट मिठाइयां बना सकते हैं, इसका तेल निकाल सकते हैं, गर्मियों में नारियल का पानी पीकर खुद को हाइड्रेट रख सकते या फिर घर में खुशबू के लिए इसकी मोमबत्तियां इस्तेमाल कर सकते हैं। आज हम आपको नारियल से स्वास्थ्य को होने वाले पांच फायदे बताएंगे।



**ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में सहायक**

नारियल फाइबर और स्वस्थ फैट से भरपूर होता है और इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम होती है। इसकी वजह से यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में फायदेमंद है। इसके अलावा इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण आपके ब्लड शुगर के लेवल को सही रखते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्जिन नारियल तेल के इस्तेमाल से ब्लड शुगर और ट्राइग्लिसराइड के स्तर में सुधार होता है।

**त्वचा के लिए है फायदेमंद**

नारियल आपकी त्वचा को मुलायम, हाइड्रेट और मॉइश्चराइज रखने का काम करता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट आपकी एजिंग को कम करने और मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारने में मदद करते हैं। नारियल तेल स्ट्रेच मार्क हटाने और होठों को फटने से बचाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके इस्तेमाल से कई तरह की त्वचा संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है।

**वजन घटाने के लिए करें इस्तेमाल**

ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा में ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड होता है। इससे आपको वजन कम करने के लिए अनगिनत फायदे मिलते हैं। नारियल में मौजूद ट्राइग्लिसराइड्स शरीर की चर्बी को तेजी से खत्म करते हैं और भूख को कम कर देते हैं। यह आपकी पेट की चर्बी को कम करने और वजन घटाने में मददगार साबित होगा, इसलिए आप इसका इस्तेमाल जरूर करें।

**नारियल का तेल बालों को लंबा और घना बनाने में मददगार**

नारियल तेल का इस्तेमाल सदियों से बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा रहा है। इसके नियमित इस्तेमाल से बालों को लंबा, घना और चमकदार बनाया जा सकता है। नारियल तेल से सिर में पांच मिनट मसाज करने से न सिर्फ ब्लड सर्कुलेशन में वृद्धि होती है, बल्कि इससे बालों के खो चुके पोषण की भरपाई भी होती है। नियमित नारियल तेल से मसाज करने पर बालों में रूसी की समस्या नहीं होती है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को देता है बढ़ावा**

आजकल बीमारियां बढ़ती जा रही हैं और सही खान-पान नहीं होने के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होती जा रही है। इसे बढ़ाने के लिए आप रोजाना खाना पकाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें। इससे आपको स्वास्थ्य से जुड़े अन्य फायदे भी मिलेंगे। जो लोग नारियल के तेल में बना खाना खाते हैं, वो कई गंभीर बीमारियों से दूर रहते हैं। अन्य तेल में बने खाने को खाने से बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है।

# मांसपेशियों को स्वस्थ रखने से लेकर बॉडी डिटॉक्स तक,मयूरासन योग सेहत के लिए है बहुत लाभकारी

शरीर को स्वस्थ और फिट रखने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को शारीरिक सक्रियता बनाए रखने की सलाह देते हैं, हालांकि समय की कमी के चलते लोगों को लिए रोजाना जिम जाना कठिन हो सकता है। ऐसे में योग को दिनचर्या में शामिल करना आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। मयूरासन योग का अभ्यास करना आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से लाभकारी माना जाता है। मयूरासन योग मुद्रा पूरे शरीर को मजबूत करने, कोर को विकसित करने और शरीर के ऊर्जा के स्तर को बेहतर बनाए रखने में आपके लिए सहायक है। कई प्रकार की क्रोनिक स्वास्थ्य समस्याओं में भी इस योग से लाभ पाया जा सकता है।



योग विशेषज्ञ कहते हैं, इस योग के लिए आपको विशेष अभ्यास की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसमें शरीर के संतुलन को कलाइयों के सहारे बनाए रखने की आवश्यकता होती है। मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार की सेहत को बेहतर रखने के लिए इस योग के अभ्यास के लाभ हो सकते हैं।

मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूती देने के साथ रक्त के संचार को ठीक रखने और बॉडी डिटॉक्स के लिए इस योग का अभ्यास किया जा सकता है। आइए इस योग को करने से शरीर को होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

**शारीरिक मुद्रा और मांसपेशियां रहती है ठीक**

मयूरासन का अभ्यास शारीरिक मुद्रा में सुधार करने और शक्ति के स्तर को बढ़ाने में आपके लिए मददगार माना जाता है। रीढ़ और जोड़ों से संबंधित विकारों को दूर करने और मांसपेशियों की ताकत को बेहतर बनाए रखने में भी इस योग के लाभ हैं। यह पेट, आंतों, यकृत, अग्न्याशय और किडनी जैसे पाचन अंगों को मजबूत करता है और रक्त परिसंचरण को बढ़ाने में भी मदद करता है। फेफड़ों के कामकाज को ठीक रखने और शारीरिक मुद्रा में गड़बड़ी के कारण होने वाले विकारों को दूर करने में भी इसके लाभ हैं।



**मानसिक स्वास्थ्य में होता है सुधार**

मयूरासन योग का अभ्यास शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक रूप से भी आपको स्वस्थ और फिट रखने में मदद करता है। यह दिमाग को आराम देने, तनाव और चिंता जैसे विकारों के जोखिम को कम करने में आपके लिए सहायक अभ्यास है। मानसिक स्वास्थ्य विकारों को दूर करने से शारीरिक स्वास्थ्य में भी लाभ मिलता है। इस योग के नियमित अभ्यास की आदत बनाकर शरीर को डिटॉक्स करना भी आसान रहता है।

**मयूरासन के इन फायदों के बारे में भी जानिए**

मयूरासन कई प्रकार से आपकी सेहत को लाभ दे सकता है।

मयूरासन मुद्रा शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में सहायक है, इससे शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद मिलती है।

पाचन तंत्र के कार्य में सुधार करता है और पेट के अंगों को मजबूत बनाता है।

आपके प्रजनन तंत्र को मजबूत और टोन करता है।

मयूरासन के अभ्यास से यौन क्रिया में सुधार होता है।

आपकी कोहनी, कलाई, रीढ़ और कंधों को मजबूत बनाने वाला अभ्यास है।

## राज्योत्सव कार्यक्रम में जीवंत विभागीय प्रदर्शनियों सहित

# शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों,गीत-संगीत से सजेगी शाम

» कलेक्टर लंगेह आज स्वयं पहुंचे राज्योत्सव स्थल,सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी।

» अलग-अलग व्यंजनों से सजा फूड कोर्ट और बच्चों के आकर्षण के लिए बनाया जाएगा।

» टॉय सेंटर, रामानुज मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में होगा रंगारंग जिला स्तरीय आयोजन।

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस एक नवंबर को कोरिया जिला मुख्यालय में एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम बैकुंठपुर शहर स्थित मिनी स्टेडियम शास.आ.रामा.उच्च.मा.वि. बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा जहां शासकीय विभागों की जीवंत प्रदर्शनियों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज स्वयं राज्योत्सव स्थल का अवलोकन किया और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यक्रम संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं के लिए जरूरी निर्देश भी दिए है। इस दौरान एसपी श्री त्रिलोक बंसल एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन भी उपस्थित रही।






### जिले में इन कलाकारों द्वारा दी जाएंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-विद्यालयीन/महाविद्यालयीन छात्र

छात्राओं के साथ फोक फ्यूज़न बैंड छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुप्रसिद्ध गायक घनश्याम महानंद व समूह द्वारा प्रस्तुति, अंलकार सूफी बैंड की प्रस्तुति, पारम्परिक नृत्य समूह द्वारा शिव तांडव, राधा कृष्ण, मयूर नृत्य, कटपुतली नृत्य व नटराज डांस ग्रूप समूह एंकर हर्षाली द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कलेक्टर श्री लंगेह ने एक नवंबर को आयोजित होने वाले एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए मंच व्यवस्था, पण्डाल, साउंड सिस्टम, स्टेज डेकोरेशन संबंधित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त रौशनी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। साथ ही कार्यक्रम स्थल में बिजली की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं अन्य आकस्मिक व्यवस्था के लिए पर्याप्त क्षमता के जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर श्री लंगेह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए दलों का चयन एवं सांस्कृतिक दलों की अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरिया को जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर ने एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान शासकीय योजनाओं पर आधारित विभागीय प्रदर्शनी के लिए स्टॉल व्यवस्था, स्टॉलों का आबंटन आदि के लिए भी जरूरी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर नियंत्रण कक्ष एवं प्राथमिक चिकित्सा एवं एम्बुलेंस आदि की आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर आसपास की सुरक्षा एवं यातायात संबंधी आवश्यक व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। कार्यक्रम स्थल पर अग्नि शमन यंत्रो की व्यवस्था, पर्याप्त पानी टैंकरों एवं साफ-सफाई के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर पालिका परिषद एवं नगर सेना के अधिकारियों को दिए है।

## पारम्पिक खेलों के साथ खण्ड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रारंभ

### विधायक बृहस्पत सिंह ने किया शुभारंभ



-संवाददाता-
**बलरामपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
गेड़ी दौड़, फूगड़ी, भंवरा, कबड्डी, 100 मीटर दौड़ जैसी विभिन्न पारम्परिक खेलों के साथ खण्ड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आज जिले के समस्त विकासखण्डों में शुरू हो गया है। विकासखण्ड बलरामपुर के स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय के खेल मैदान में खण्ड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन किया गया है। सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधायक श्री बृहस्पत सिंह ने महिला कबड्डी का टॉस कर विकासखण्ड स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ किया। विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 27 अक्टूबर 10 नवम्बर 2022 तक आयोजित की जायेगी।
इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुन्दरमणी मिंज, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री भरत कौशिक, जनपद पंचायत सीईओ श्री के.के.जायसवाल, नगर पालिका अधिकारी श्री सुमित गुप्ता, गणमान्य नागरिक श्री रीपुजीत सिंह, श्री विनोद तिवारी, क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, विकासखण्ड के खेल प्रतिभागी उपस्थित थे।

## कलेक्टर,एसपी एवं जिपं सीईओ पहुंचे सी मार्ट

### समूहों द्वारा बच्चों के लिए खिलौने तैयार करने की होगी पहल। सी मार्ट को मिलेगा नया रूप, परिसर में फूड कोर्ट तैयार करने के निर्देश। जिले भर के स्थानीय समूहों द्वारा तैयार दैनिक उपयोग के गुणवत्तापूर्ण सामान हैं उपलब्ध

-संवाददाता-
**बैकुण्ठपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
कलेक्टर विनय कुमार लंगेह आज एसपी श्री त्रिलोक बंसल के साथ बैकुंठपुर स्थित सी मार्ट पहुंचे। यहां उन्होंने जिले भर के स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन भी उपस्थित रहीं।



कलेक्टर श्री लंगेह ने सी मार्ट में रखे गए सभी उत्पादों की जानकारी ली और इनके प्रचार प्रसार को बढ़ाने के लिए पंपलेट तैयार करवाने के निर्देश दिए जिससे यहां उपलब्ध सभी उत्पादों की जानकारी आमजन तक पहुंच सके। उन्होंने सी मार्ट संचालन कर रही महिलाओं से बात कर विक्रय की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि प्रतिदिन 15 से 20 हजार तक की सेल रहती है। कलेक्टर ने सी मार्ट में उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सी मार्ट में बच्चों के आकर्षण के लिए खिलौने रखने का भी सुझाव साझा किया। इसके लिए समूह का चयन कर उनसे ही खिलौने भी तैयार करवाने की बात कही। उन्होंने परिसर में फूड कोर्ट संचालन शुरू कराने की कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिले में गौठानों की मैपिंग कर उत्पादों की जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए। जिससे निर्माण, परिवहन और विक्रय की कार्ययोजना को और बेहतर किया जा सके।
उल्लेखनीय है कि स्व सहायता समूहों की महिलाओं के द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पाद सी मार्ट के माध्यम से विक्रय के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं। यहां दैनिक उपयोग की प्रत्येक सामग्री बाजार से काफी कम दरों पर आम नागरिकों के लिए उपलब्ध रहती है। समूहों द्वारा तैयार विभिन्न तरह के मसालों तथा खाद्य पदार्थों की वेरायटी यहां उपलब्ध हैं। यहां करमा जैविक जीराफुल चावल, दाल, जैविक कोदो, शहद, मशरूम के अचार, पापड़, आदि घरेलू सामग्री उपलब्ध हैं। साथ ही टेराकोटा, मिट्टी और बुनकरों के हस्तनिर्मित उत्पाद उपलब्ध हैं।



## जिला पंचायत की सीईओ ने भृत्य के मृत्यु होने पर आश्रित को

### अनुकंपा अनुदान के रूप में 01 लाख रूपये का चेक सहायता स्वरूप प्रदान किया है

-संवाददाता-
**बलरामपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
जिला पंचायत संसाधन केंन्द्र में संविदा के रूप में भृत्य के पद पर कार्यरत श्री नीरज कुमार की मृत्यु 11 अक्टूबर 2022 को हो गयी थी। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार दैनिक वेतन भोगी/सीधी भर्ती से संविदा पर नियुक्त कर्मचारी जो नियुक्ति तिथि से निरंतर दो वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुका हो तथा उसकी मृत्यु सेवा काल के दौरान होने पर उनके आश्रित को 01 लाख रूपये अनुकंपा अनुदान के रूप मे दिये जाने का प्रावधान है। जिसके तहत जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव ने मृतक स्व. नीरज कुमार की माता श्रीमती पुष्पा देवी को अनुकंपा अनुदान के रूप में 01 लाख रुपये का चेक सहायता स्वरूप प्रदान किया है।

## शासकीय राशन दुकान संचालक पर अपने मृत माता-पिता के नाम पर राशन गबन करने का आरोप



-संवाददाता-
**सूरजपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
मृत व्यक्ति के नाम पर शासकीय राशन गबन करने के मामले में आदिवासी एकता महासभा ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत - छत्तरपुर, जनपद पंचायत सूरजपुर थाना-जयनगर लटोरी, जिला- सूरजपुर में उचित मूल्य दुकान संचालक (एजेन्सी ग्राम पंचायत छत्तरपुर) सरपंच और राशन वितरणकर्ता गिरजा प्रसाद जायसवाल, आ0 स्व. रामकरण जायसवाल के द्वारा विगत लगभग 2-3 वर्षों से मृत व्यक्तियों के नाम से राशन का वितरण कर गबन किया जा रहा है। जिसमें स्वयं वितरणकर्ता गिरजा प्रसाद जायसवाल द्वारा अपने पिता स्व. रामकरण जायसवाल के नाम से राशन कार्ड क्र0 -226489573030 से मृत्यु के पश्चात् भी राशन उठाया जा रहा है और सरपंच घरभरन आ0 स्व. नेतु राम द्वारा भी अपनी मृतक माँ स्व. बासो बाई पति स्व. नेतु राम के राशन कार्ड क्र0 226482573212 से विगत लगभग तीन वर्षों से राशन उठाया जा - रहा है। सरपंच घरभरन के पास गाँव में सबसे अधिक भूमि है लेकिन उनका राशन कार्ड भूमिहिन परिवार के नाम से बना है जबकि गिरजा जायसवाल और घरभरन दोनों ही इनकम टैक्स पटाने वाले व्यक्ति है। गिरजा जायसवाल के द्वारा कुटरचना कर अपने माँ के नाम से अलग राशन कार्ड और पिता के नाम पर अलग राशनकार्ड (अन्तोदय और प्राथमिकता) बनवाकर राशन उठाया जा रहा है। गिरजा जायसवाल का अम्बिकापुर में और ग्राम पंचायत कल्याणपुर दोनों जगहों में डबल स्टोरी बिल्डिंग है। इस सम्पूर्ण मामला का जानकारी दिनाँक 18 अक्टूबर 2022 के ग्राम सभा में लोगों को हुआ सरपंच और वितरणकर्ता के द्वारा बताया %गया कि कुछ अन्य मृतका का राशन उठाया जा रहा है। उक्त मामले में आदिवासी एकता महासभा ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर जांच कराकर मामले की कार्रवाई की मांग की है।

## धान खरीदी के पूर्व तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक पहुंचे विभिन्न उपार्जन केन्द्र

-संवाददाता-
**बलरामपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 के लिए प्रदेश के किसानों से समर्थन मूल्य पर 1 नवम्बर से धान खरीदी की जानी है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. व पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने खरीदी पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों व चेकपोस्ट का दौरा किया।



कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक विकासखण्ड वाड्रफनगर के उपार्जन केन्द्र रघुनाथनगर, बलंगी व सरना पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने समिति प्रबंधकों से परिसर की साफ-सफाई, तौल मशीन, नमी मापक यंत्र, स्टैंसिल, सुतली व डनेज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, साथ ही पीडीएस बारदाने व नवीन बारदाने की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यकतानुसार पर्याप्त बारदाने संग्रहित करने, कटे-फटे बारदाने को अलग करने व बारदाने को ढ़ंककर सुरक्षित रखने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने समिति प्रबंधक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिले के पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदा जाएगा तथा सुचारू रूप से धान खरीदी के लिए किसानों की सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।
भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. व पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने उत्तरप्रदेश सीमा से लगे केसारी चेकपोस्ट तथा मध्यप्रदेश सीमा से लगे तुंगवा बॉर्डर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से दूसरे राज्य का धान न आये इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## दीपावली मिलन कार्यक्रम में रामविचार नेताम ने की जनसमूहों से मुलाकात





-संवाददाता-
**रामानुजगंज 27 अक्टूबर 2022 (घटती घटना)।**
प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री रामविचार नेताम आज दीपावली मिलन समारोह का आयोजन जिले के दर्शनीय स्थल गर्म जलस्रोत के नाम से प्रसिद्ध तातापानी में स्थित तपेश्वर महादेव धाम के प्रांगण में आयोजित की गई थी जहां पूरे सरगुजा संभाग से लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामविचार नेताम ने कहा कि राजनीतिक दलों के भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था की अहमियत पर जोर देना चाहिए। पत्रकारों और मीडिया एवं राजनीतिक दलों सहित पूरे सरगुजा संभाग के लिए आयोजित दिवाली मिलन समारोह में उन्होंने कहा कि देश के जनतांत्रिक ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए राजनीतिक दलों में लोकतंत्र बहुत ज़रूरी है।पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने ने भारतीय जनसंघ में अनुशासन और विचारों में एकरूपता का ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों की फंडिंग और सरकारों के बारे में तो काफ़ी चर्चा होती है, लेकिन अब ज़रूरत इस बात की है कि राजनीतिक दलों की भीतरी व्यवस्था का भी अध्ययन किया जाए।रामविचार नेताम ने कहा कि समाज और दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ाव रखने वाले मीडिया सदस्यों और पत्रकारों से संवाद और जुड़ाव कई विषयों पर नए पहलुओं की तरफ ध्यान ले जाता है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हम सभी करते हैं लेकिन करोना काल के बाद यह पहला दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें हमारे जिलेभर से लेकर संभाग स्तर तक के लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए उनका मैं ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं और सदा करता रहूंगा। आयोजित कार्यक्रम में संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था वही सफल मंच संचालन शैलेष कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।छात्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के अध्यक्ष एवं रामानुजगंज विधानसभा प्रभारी अनिल सिंह मेजर , भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, सरगुजा भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह,आलोक दुबे,पूर्व नगर निगम अध्यक्ष प्रबोध मिंज पूर्व निगम अध्यक्ष उम्मीदवार श्रीमती मंजूषा भगत अम्बिकेश केशरी रिंकू जी,अम्बिकापुर भाजयुमो जिलाध्यक्ष सूरजपुर से अजय गोयल,अजय इंगोले , बलरामपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष शिवनाथ यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष गोपालकृष्ण मिश्रा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल,जिलाउपाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता,जिला मंत्री बलवंत सिंह,रामानुजगंज विधानसभा के समस्त मण्डल के मण्डल अध्यक्ष, समस्त महामंत्री,एवं भाजयुमो के समस्त मण्डल अध्यक्ष महामंत्री सही कई वरिष्ठ कांग्रेसी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जिला मुख्यालय बलरामपुर में मनाया जायेगा राज्य स्थापना दिवस

» कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

-संवाददाता-
**बलरामपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस 01 नवम्बर के अवसर पर जिला मुख्यालय बलरामपुर में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। राज्योत्सव के गरिमामयी आयोजन के लिए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के द्वारा नोडल, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त तथा अधिकारियों को कार्य एवं दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अधिकारियों को दायित्व भी सौंपा गया है, जिसमें कार्यक्रम स्थल पर शांति, सुरक्षा तथा यातायात की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग को दी गई है। कार्यक्रम स्थल में बैरीकेट्स हेतु बांस, बल्ली की व्यवस्था वनमण्डलाधिकारी श्री विवेकानन्द झा, सत्कार एवं आमंत्रण पत्र के वितरण की व्यवस्था अपर कलेक्टर श्री एस.एस.पैकरा, कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर श्री भरत कौशिक, प्रभारी तहसीलदार बलरामपुर श्री मोइनुद्दीन खान एवं नायब तहसीलदार श्रीमती संगीता साय को दी गई है। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम/दलों की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग श्री आर.के.शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.एल महिलांगे, कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग श्री जे.आर प्रधान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री के.के. जायसवाल, मंच बैरीकेटिंग एवं मंच की साज-सज्जा की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री एस.के.गुप्ता कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग श्री आर. नामदेव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुमित गुप्ता, मंच पर व्ही.आई.पी., स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री एस.के. गुप्ता, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बलरामपुर श्री आदित्य प्रताप, मंच एवं समस्त प्रांगण में प्रकाश व्यवस्था कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग श्री आर.नामदेव अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी विभाग बलरामपुर श्रीमती रीतारेन शाक्य, आवास एवं भोजन की व्यवस्था खाद्य अधिकारी श्री एस.बी.कामठे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री हरिशंकर सिंह, आमंत्रण पत्र मुद्रण, पुरस्कार, स्मृति चिन्ह, बैच व प्रमाण पत्र की व्यवस्था डी.एम.सी. श्री रामप्रकाश जायसवाल, आबकारी अधिकारी श्री जे.पी.एन. दीक्षित, फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ की व्यवस्था सहायक संचालक उद्यान श्री पतराम सिंह, प्रचार-प्रसार सहायक संचालक जनसम्पर्क श्री एम.पी.बेक, सहायक प्रोग्रामर जिला निर्वाचन श्री आशीष द्विवेदी, शिकायत समन्वयक मनरेगा श्री संजय यादव, नियंत्रण कक्ष व चिकित्सा व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत सिंह, प्रभारी तहसीलदार सुश्री रोशनी तिर्की, प्रभारी तहसीलदार राजपुर श्री मोहन भारद्वाज, पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री आदित्य प्रताप, नगर पालिका अधिकारी श्री सुमित गुप्ता, जिला सेंनानी श्री निकोलस खलखो, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था कार्यपालन अभियंता पी.एम.जी.एस.वाय. बलरामपुर श्री कमला सिंह यादव, कार्यपालन अभियंता पी.एम.जी.एस.वाय. राजपुर श्री समयलाल कैवर्त्य, हितग्राही मूलक योजनाओं का वितरण की समुचित व्यवस्था सहायक संचालक उद्यान श्री पतराम सिंह, जिला रोजगार अधिकारी श्री दिवाकर लाल टांडिया को दायित्व सौंपा है।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो0नि0वि0 सेतु निर्माण संभाग अम्बिकापुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/2851/NIT-4/2022-23/व.ले.लि./ दिनांक19.10.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04/11/2022 अपरान्ह 5:30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 09/11/2022 अपरान्ह 5:30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 11/11/2022 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक
निविदा प्रपत्र की कीमत :- रू0 750.00 मात्र
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी द,से,अ, तक
कार्य की अवधि :- 02 माह वर्षाऋतु सहित

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 4 T0005 | लोक निर्माण विभाग सेतु उपसंभाग अम्बिकापुर अंतर्गत आवासीय एवं कार्यालय भवनों में विशेष मरम्मत का कार्य प्रथम आमंत्रण | 10.20 7650.00 153000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपल्बध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो0नि0वि0 सेतु निर्माण
संभाग अम्बिकापुर

जी नंबर-95275/2

# पटवारी मस्त,जनता त्रस्त,राजस्व विभाग बना परेशानी का सबब

**» महिला पटवारी की दबंगई,शासकीय जमीन कर दी निजी व्यक्ति के नाम।**

**» सिंचाई विभाग का नहर भी अब निजी व्यक्ति के नाम, मामले पर तहसीलदार ने जारी किया नोटिस, दलाल जुटे बचाव में।**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

जिले में राजस्व विभाग के कारनामे आए दिन सामने आते रहते हैं, विभागीय अधिकारियों की लापरवाही कहें या निचले स्तर के कर्मचारियों की दबंगई लेकिन इनकी मनमर्जी से जनता काफी परेषान रहती है। शासकीय विभागों में यदि देखा जाए तो यही विभाग ऐसा है जिससे कि आम जनमानस का सबसे ज्यादा काम पड़ता है लेकिन कहा जाए कि यह विभाग और विभागीय कर्मी लोगो की परेशानी का सबब बने हुए हैं तो इसमे कोई अतिश्योक्ति नही होनी चाहिए।

ताजा मामले में एक महिला पटवारी जो कि वर्तमान में बैकुंठपुर तहसील अंतर्गत एक हल्के में ही पटवारी है उसके द्वारा अपने पूर्व हल्के में स्थित शासकीय जमीन को हेरफेर करते हुए एक निजी व्यक्ति के नाम कर दिया अब मामला प्रकाश में आने के बाद गहरी नींद में सोए अधिकारी हरकत में आ गए हैं और एक नोटिस जारी करते हुए पटवारी से जवाब तलब किया गया है। पर सवाल यह उठता कि क्या सिर्फ एक पटवारी को नोटिस देकर जवाब ले लिया जाएगा और मामले को किसी भी प्रकार से रफा दफा कर दिया जाएगा या कि उस दौरान उच्च पद पर बैठे जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ भी किसी प्रकार की कार्यवाही की जाएगी। क्योंकि एक पटवारी ने अधिकारी के सहयोग बिना इतना बड़ा कदम कैसे उठा लिया यह भी सोचनीय और जांच का विषय है।

### पटवारी को नोटिस जारी,जवाब मांगा गया

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के तहत वर्तमान में बैकुंठपुर तहसील के हल्का नंबर 5 खरवत में पदस्थ पटवारी के पास पूर्व में पटवारी हल्का नंबर 19 बस्ती का भी प्रभार था उस दौरान उक्त पटवारी के द्वारा शासकीय बेसकीमती जमीन को निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर दिया गया है अब मामला सामने आने के बाद तहसीलदार बैकुंठपुर द्वारा बीते 21 अक्टूबर को पटवारी वंदना कुजुर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जानकारी के तहत जारी नोटिस में तहसीलदार बैकुंठपुर ने उल्लेख किया है कि मीडिया वाट्सअप ग्रुप से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बस्ती स्थित आबादी भूमि खसरा नंबर 281/1 व ग्राम मंडलपारा स्थित शासकीय भूमि(नहर) खसरा नंबर 83 को तात्कालीन हल्का पटवारी द्वारा हेराफेरी करते हुए शासकीय भूमि को निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज करनें व हल्का पटवारी द्वारा अपने करीबी को लाभ पहुंचाने की षिकायत पर वर्तमान हल्का पटवारी अंजली गुप्ता से जांच प्रतिवेदन लिया गया। हल्का पटवारी द्वारा अपने जांच प्रतिवेदन में ग्राम बस्ती पटवारी हल्का क्रमांक 19 राजस्व निगम मंडल बड़गांव में पदस्थ के दौरान स्थित भूमि खसरा नंबर 281/1 वर्तमान राजस्व रिकार्ड खसरा पंचषाला 2021-22 से 2026-26 में सुभगिया जौजे रामधन पता साकिब देह अनुसूचित जाति के नाम पर दर्ज है। तथा खसरा नंबर 281/2 रकबा 0.708 हेक्टेयर आबादी भूमि दर्ज है। इसके अतिरिक्त खसरा पंचषाला वर्ष 2016-17 से 2020-21 में प्रिंट दिनांक 22 अक्टूबर 2016 में खसरा नंबर 281/2 सुभगिया जौजे रामधन के नाम पर तथा खसरा नंबर 281/2 रकबा 0.708 हेक्टेयर आबादी भूमि दर्ज है। जिसका मिसल



कार्यालय तहसीलदार, बैकुण्ठपुर जिला–कोरिया (छ0ग0)

//कारण बताओ सूचना//

क्रमांक/2199/का0गो0/2022 — बैकुण्ठपुर, दिनांक 21/10/2022

प्रति,
सुश्री बन्दना कुजूर
पटवारी–हल्का क्रमांक–05
ग्राम खरवत, जिला कोरिया (छ0ग0)

विषय:– शासकीय कार्य के प्रति लापरवाही बरतने बावत।

विषयांकित पत्र का अवलोकन करें। मीडिया वाट्सग्रुप से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बस्ती स्थित आबादी भूमि ख0नं0 281/1 व ग्राम मंडलपारा स्थित शासकीय भूमि (नहर) ख0नं0 83 को तत्कालीन हल्का पटवारी व्दारा हेराफेरी करते हुये शासकीय भूमि को निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज करने व हल्का पटवारी व्दारा अपने करीबी को लाभ पहुंचाने के शिकायत पर वर्तमान हल्का पटवारी अंजली गुप्ता से जॉच प्रतिवेदन लिया गया। हल्का पटवारी व्दारा अपने जॉच प्रतिवेदन में ग्राम बस्ती पटवारी हल्का क्रमांक–19 रा0नि0मंडल बड़गांव में पदस्त के दौरान स्थित भूमि ख0नं0 281/1 वर्तमान राजस्व रिकार्ड खसरा पांचशाला 2021–22 से 2026–26 में सुभगिया जौजे रामधन,पता साकिन देह अनुसूचित जाति (हरिजन) के नाम पर दर्ज है। तथा ख0नं0 281/2 रकबा 0.708 हे0 आबादी भूमि दर्ज है। इसके अतिरिक्त खसरा पांचशाला वर्ष 2016–17 से 2020–21 में प्रिंट दिनांक 22 अक्टूबर 2016 में ख0नं0 281/2 सुभगिया जौजे रामधन वर्ग अनु0जाति (हरिजन) के नाम पर तथा ख0नं0 281/2 रकबा 0.708 हे0 आबादी भूमि दर्ज है। जिसका मिसल वर्ष 1945–46 के अनुसार ख0नं0 281 बड़े झाड़ का जंगल मद में दर्ज है। आबादी नक्शा शीट क्रमांक–01 पैमाना 1/500 सन् 2015–16 में 281/1 रकबा 0.708 दर्ज है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत मण्डलपारा स्थित भूमि ख0नं0 83/1, 83/2, 83/3, 83/4, 83/5, 83/6, 83/7 जिस पर सिंचाई विभाग का नहर स्थित होना प्रतिवेदित किया है। वर्ष 2018–19 के नामांतरण पंजी के अवलोकन में उक्त नहर स्थित होने का आपके व्दारा ग्राम पंचायत प्रस्ताव से बिना मौका जॉच किये गोविंद दास, अशोक कुमार, व अन्य के नाम पर नामांतरण कर दिया गया है। जिससे यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि आपने उक्त शासकीय भूमि को तत्कालिन समय में हेराफेरी करते हुये लापरवाही बरतना इंगित होता है।

उपरोक्तानुसार आपका यह कृत्य छत्तीसगढ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम–3 के विपरित होकर जनहित जैसे महत्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही किया गया है।

अतः आप कारण बताओ सूचना का जवाब 03 दिवस के भीतर मेरे समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। कारण बताओ सूचना का जवाब समाधान कारक नही पाये जाने की स्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी होगी।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0)

पृ0क्र0 /का0गो0/2022 — बैकुण्ठपुर दिनांक /10/2022

प्रतिलिपि–
1. कलेक्टर महोदय (भू–अभिलेख शाखा) जिला कोरिया बैकुण्ठपुर (छ0ग0) को सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. अनुविभागीय अधिकारी(रा0)बैकुण्ठपुर जिला कोरिया को सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ0ग0)

वर्ष 1945-46 के अनुसार खसरा नंबर 281 बड़े झाड़ के जंगल मद में दर्ज है। आबादी नक्शा सीट क्रमांक 1 पैमाना 1/500 सन 2015-16 में 281/1 रकबा 0.708 दर्ज है। इसके अतिरिक्त ग्राम मंडलपारा स्थित भूमि खसरा नंबर 83/1, 83/2, 83/3, 83/4, 83/5, 83/6, 83/7 जिस पर सिंचाई विभाग नहर स्थित होना प्रतिवेदित किया है। वर्ष 2018-19 के नामांतरण पंजी के अवलोकन में उक्त नहर स्थित होने का आपके द्वारा ग्राम पंचायत प्रस्ताव के बिना मौका जांच किए गोविंद दास, अशोक कुमार व अन्य के नाम पर नामांतरण कर दिया गया है। जिससे यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि आपने उक्त शासकीय भूमि को तात्कालिन समय में हेराफेरी करते हुए लापरवाही बरतना इंगित होता है। उपरोक्तानुसार आपका यह कृत्य छत्तीसगढ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होकर जनहित जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही किया गया है। उक्त नोटिस जारी करते हुए तहसीलदार बैकुंठपुर द्वारा पटवारी वंदना कुजुर से जवाब तलब किया गया है लेकिन सवाल यह उठता है कि एक पटवारी के द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारी के सहयोग के बगैर इस प्रकार का कृत्य कैसे किया जा सकता है। वहीं गुप्त सूत्रों ने बताया कि उक्त पटवारी को क्षेत्र में सक्रिय जमीन दलालों का पूरा सहयोग प्राप्त है, पटवारी को नोटिस जारी होने के बाद उसके बचाव में दलाल सक्रिय हो गए हैं और पूरी तरह से आष्वस्त हैं कि किसी भी प्रकार से सेटिंग कर पटवारी को बचा लिया जाएगा।

### उच्च न्यायालय से स्थगन पर है पटवारी

जानकारो ने बताया कि पटवारी वंदना कुजुर की विभाग में अच्छी खासी पैठ है पूर्व में यहां पदस्थ एक तहसीलदार समेत एक राजस्व निरीक्षक से उसकी गहरी दोस्ती के कारण उसे सबसे प्रमुख हल्का खरवत में तगड़ी सेटिंग के बाद बैठाया गया था,यहां पर भी बाईपास सड़क में काफी लंबा खेल खेला गया है। पूर्व में खरवत हल्के में पदस्थ पटवारी ने तो यहां करोड़ो रूपये का खेल किया है ऐसी जनचर्चा है। उक्त पटवारी के द्वारा राजस्व निरीक्षक बनने के बाद अन्यत्र पदस्थापना के बाद लंबी सेटिंग कर पटवारी वंदना कुजुर को खरवत हल्के का प्रभार दिलाया गया था यह चर्चा विभागीय कर्मियों समेत आमजन में चर्चा का विषय भी है। खरवत हल्के में पदस्थापना के दौरान उक्त पटवारी के द्वारा जमीन दलालो के साथ मिलकर पूर्व के पटवारी व वर्तमान के राजस्व निरीक्षक के द्वारा किए गए काले कारनामों में पूरा सहयोग किया गया। और कई मामलो की लीपापोती कर दी गई। बताया जाता है कि जब पिछले वर्ष तात्कालिक कलेक्टर ने पटवारी वंदना कुजुर को खरवत हल्का से हटाकर सोनहत तहसील भेज दिया गया था तब उक्त पटवारी ने उच्च न्यायालय की शरण ले ली थी और आज तक स्थगन पर खरवत हल्का में ही कार्यरत है। आखिर खरवत हल्का में आखिर क्या ऐसी दिलचस्पी है कि पटवारी वहां से जाना नही चाहती है। वही खरवत, छिदडाड़ आदि क्षेत्र के लोगो की माने तो उक्त पटवारी के द्वारा काफी मनमर्जी की जाती है। लोगो से उनका बर्ताव ठीक नही रहता, पटवारी अपने कार्यालय से हमेशा गायब भी रहती हैं और ज्यादातर उनके कार्यालय में दलाल ही नजर आते हैं यह स्थानीय जनो का आरोप है कि उक्त महिला पटवारी द्वारा खुले तौर पर डिमांड किया जाता है, यदि कोई व्यक्ति विरोध करता है तो किसी भी केस में फंसाने की धमकी तक दी जाती है। जिससे कि लोग काफी परेशान हैं। बहरहाल विभागीय अधिकारियों समेत दलालो के साथ लंबी सेटिंग रखने वाली उक्त महिला पटवारी द्वारा शासकीय व नहर की जमीन को अफरा तफरी कर जिस प्रकार से निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर दिया गया है उस मामले में प्रषासन किसी प्रकार की कार्यवाही करेगी या खानापूर्ति के तर्ज पर नोटिस की औपचारिकता और जवाब आने के बाद नाम मात्र की कार्यवाही कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाएगा यह देखने वाली बात होगी।

# प्रधानमंत्री आवास के 2 हजार 385 हितग्राहियों को आवास बनाने के लिए 10 करोड़ 64 लाख रूपए जारी

## लंबे समय से अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण में प्रगति लाने के लिए जनपदों को निर्देश जारी

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

हितग्राहियों को पक्के आवास बनाकर देने वाली महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 23 सौ से ज्यादा हितग्राहियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। कोरोना काल से लंबित पड़े आवासों को पूर्ण करने के लिए राज्य षासन से पांचों जनपद पंचायतों के कुल 23 सौ 85 हितग्राहियों को उनकी दूसरी और तीसरी किष्त के लिए 10 करोड़ 64 लाख रूपए जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि सामाजिक एवं आर्थिक जाति जनगणना 2011 के तहत गरीबी रेखा सूचकांक में वंचित सूची के अंतर्गत आने वाले हितग्राहियों को पक्के आवास बनाने के लिए अनुदान राशि प्रदान की जा रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोरिया जिले में कुल 28 हजार 31 हितग्राहियों को पक्के आवास निर्माण करने के लिए एक लाख 30 हजार के मान से अनुदान राषि सीधे खातों में प्रदान की जा रही है। अब तक इनमें से कुल 21 हजार 530 हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना का सीधा लाभ लेते हुए अपने पक्के आवास बना लिए हैं। कोरोना काल के पहले निर्माण कार्य प्रारंभ कर चुके हितग्राहियों में से दूसरी और तीसरी किष्त के लिए राषि आबंटन लंबित होने के कारण हितग्राहियों के मकान का निर्माण कार्य रूका हुआ था। अब राज्य षासन द्वारा इन सभी हितग्राहियों को दूसरी व तीसरी किष्त के लिए कुल 10 करोड़ 64 लाख रूपए सीधे खातों में हस्तांतरित कर दिए हैं।



प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का जनपदवार आंकड़ा देते हुए जिला पंचायत सीइओ श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि कोरिया जिले के जनपद बैकुण्ठपुर में कुल 5139 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभांवित कराया जा रहा है। इनमें से अब तक कुल 3432. हितग्राहियों ने अपने पक्के आवास बना लिए हैं। योजनांतर्गत 619 हितग्राहियों को दूसरी किष्त तथा 215 हितग्राहियों को तीसरी किष्त की राषि के रूप में 3 करोड़ 71 लाख रूपए खातों में प्रदान कर दिए गए हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत सोनहत में कुल 4702 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभांवित कराया जा रहा है। इनमें से अब तक कुल 3957 हितग्राहियों ने अपने पक्के आवास बना लिए हैं। योजनांतर्गत 39 हितग्राहियों को दूसरी किष्त तथा 35 हितग्राहियों को तीसरी किष्त की राषि के रूप में 33 लाख रूपए खातों में प्रदान कर दिए गए हैं। कोरिया जिले के अलावा अब एमसीबी जिले में षामिल जनपद पंचायत खड़गंवा में कुल 5091 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभांवित कराया जाना है। इनमें से अब तक कुल 3756 हितग्राहियों ने अपने पक्के आवास बना लिए हैं। योजनांतर्गत 573 हितग्राहियों को दूसरी किष्त तथा 141 हितग्राहियों को तीसरी किष्त की राषि के रूप में कुल 3 करोड़ 18 लाख रूपए खातों में प्रदान कर दिए गए हैं। जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ में कुल 5259 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभांवित कराया जाना है। इनमें से अब तक कुल 4174 हितग्राहियों ने अपने पक्के आवास बना लिए हैं। योजनांतर्गत 290 हितग्राहियों को दूसरी किष्त तथा 154 हितग्राहियों को तीसरी किष्त की राषि के रूप में लगभग दो करोड़ रूपए खातों में प्रदान कर दिए गए हैं। साथ ही भरतपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत कुल 7840 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभांवित कराया जाना है। इनमें से अब तक कुल 6184 हितग्राहियों ने अपने पक्के आवास बना लिए हैं। योजनांतर्गत 213 हितग्राहियों को दूसरी किश्त तथा 103 हितग्राहियों को तीसरी किश्त की राशि के रूप में कुल एक करोड़ 41 लाख रूपए खातों में प्रदान कर दिए गए हैं। जिला पंचायत सीइओ ने बताया कि इस संबंध में सभी जनपद पंचायतों के मुख्यकार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अमले की मदद से सभी हितग्राहियों के आवास पूर्ण कराने में आवष्यक सहयोग प्रदान करते हुए आवास पूरा करने के लिए हितग्राहियों को प्रोत्साहित करें। ताकि जल्द से जल्द सभी को पक्के आवास का लाभ मिल सके। साथ ही उन्होने उन 11 सौ हितग्राहियों से भी संपर्क करने के निर्देश दिए हैं जिन्हें प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हुई है परंतु वह निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कर सके हैं। श्रीमती जैन ने बताया कि जैसे ही हितग्राही अपने आवास का कार्य प्लिंथ स्तर पर ले आएंगे उन्हे तत्काल दूसरी किस्त की राशि प्रदान की जाएगी।

# कर्मचारी आक्रोश रैली में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ बैकुंठपुर भी हुआ समिलितःसत्येंद्र सिंह

## भूपेश बघेल की सरकार में बहन बेटी सुरक्षित नहींःरेणुका सिंह

-संवाददाता-

**बैकुण्ठपुर 27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

ग्राम छिपछिपी (जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी भरतपुर) के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म जैसी निंदनीय घटना के विरोध में 26 अक्टूबर 2022 को सर्व कर्मचारी अधिकारी द्वारा विरोध प्रदर्शन हेतु विशाल जुलूस रैली का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से इस घटना के आरोपियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग महिला कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु जवाबदेही तय करने व भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो, शासन प्रशासन के समक्ष आवाज बुलंद व कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा गया।



ब्लॉक बैंकुन्ठपुर के सभी स्वास्थ्य कर्मचारीयों अधिकारी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने व पीडि़ता को न्याय दिलाने में सहयोग प्रदान किए, इसके लिए ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ब्लॉक बैंकुन्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कर्मचारी आक्रोश रैली में बैकुंठपुर ब्लॉक से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अधिकारियों ने उपस्थित होकर रैली को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। आज के रैली में संघ से जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर जयसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, ब्लॉक सचिव वीरेंद्र साहू, महामंत्री दीपक पाण्डेय, जिला टीम से संजय कुर्रे, बृज साहू, ब्लॉक कोषअध्यक्ष पंकज सिंह, दिनेश साहू, भोला शंकर, ईश्वर राजवाड़े, प्रसांत गौतम, अमरनाथ साहू, अनिल कुशवाहा, अजय भगत, ईबु खान, सीएचओ प्रकोष्ठ से मधुस्तिता एक्का, सविता साहू , रीता राजवाड़े, रेखा खांडे, स्मृति सोनी और साथ ही अधिक से अधिक संख्या में ब्लॉक बैकुंठपुर स्वास्थ्य विभाग से कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित हुए।

जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह ने कहा की बीते दिनों कांग्रेस के युवा मोर्चा सदस्य के द्वारा दुष्कर्म का मामला शांत नहीं हो पाया है की भगवान के बाद दूसरा स्थान दर्जा रखने वाले स्वास्थ विभाग के कर्मचारी अधिकारी सुरक्षित नहीं है। छिपछिपी के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के साथ इस दुष्कर्म अप्रियघटना की घोरनिंदा करती हूं और मांग करती हु की दोषियों को तत्काल फांसी दे व इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो ऐसे कठोर कानून व्यवस्था बनाए छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार।

# पुलिस ने त्योहारी सीजन में 177 प्रकरणों में 677 जुआरियों के विरुद्ध की कार्यवाही

-संवाददाता-

**कोरबा,27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

पुलिस द्वारा त्योहारी सीजन में जुआरियों पर पैनी नजर रखते हुए सख्त कार्यवाही की गई विगत 07 दिवस में पुलिस द्वारा कुल 177 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, जिसमें 677 आरोपियों को गिरफ्तार कर नकदी रकम 6 लाख 21 हजार 360 रुपए सहित 20 मोटर साइकिल एवं 03 कार जब्त किया गया । दशहरा एवं दीपावली के अवसर पर जुआरियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने बाबत निर्देश पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना चौकी प्रभारियों को दिए गए थे । निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन ,



नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया , नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा दीपक त्रिपाठी एवं एसडीओपी कटघोरा ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में जुआ खेलने वाले जुआरियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया । विगत 07 दिनों में चलाए गए अभियान के अंतर्गत कोरबा जिले में कुल 177 प्रकरण कायम किए गए, जिसमें 677 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से नकदी रकम 6 लाख 21 हजार 360 रुपए बरामद किए गए , साथ ही 20 मोटरसाइकिल एवं 3 कार जब्त किया गया है । सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही किया गया । पुलिस द्वारा चलाया जा रहा अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा

# कोरबा सतरेंगा मार्ग पर हाईवा ने दो लोगों को चपेट में ली,दोनों की मौत

-संवाददाता-

**कोरबा,27 अक्टूबर 2022 (घटती-घटना)।**

पिकनिक स्थल सतरेंगा जाने वाले मार्ग पर तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार दो लोगों को ली चपेट में,दोनों व्यक्ति की हो गई मौत । मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 एबी 6115 पर सवार दो युवक सतरेंगा-गढ़ उपरोड़ा मार्ग की ओर जा रहे थे कि इन्हें एक तेज रफ्तार हाईवा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीणों का यहां हुजूम इकट्ठा हो गए।सूचना कटघोरा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। एक मृतक के पास मौजूद पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान राहुल निर्मलकर निवासी 15 ब्लॉक टीपी नगर,कोरबा के रूप में हुई है। वह स्वराज कंपनी के सर्वमंगला ट्रेक्टर में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### ईश्तहार

सूचित किया जाता है कि पार्टनरशिप फर्म, मेसर्स श्री विजय कुमार सिंह, पता-पशुचिकित्सालय के सामने रामानुजगंज रोड बौरीपारा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) से श्री पंकज कुमार सिंह दिनांक 01.04.2022 से अपनी स्वेच्छा से बाहर हो गये है एवं नय पार्टनर के रूप में श्रीमती अर्चना सिंह फर्म में शामिल हो गयी है

मे. शिव विजय कुमार सिंह

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

एसईसीएल/भट/जग0/रोजगार/2022/997

### सूचना

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु भू–अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजगार देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में ग्राम जगन्नाथपुर की भूस्वामी एवं उनके आश्रित द्वारा रोजगार हेतु प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों में उनके स्वयं/माता–पिता/आश्रितों के नाम में अंतर है तथा दस्तावेजों जैसे–बी1, पंचशाला, ऋण पुस्तिका, योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पत्रक–5, पत्रक–6 में विभिन्न नाम दर्ज है। तत्सम्बंध में भूस्वामी एवं प्रस्तावित व्यक्ति द्वारा सही नाम का शपथ पत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है–

**ग्राम–जगन्नाथपुर**

| ग्राम | खसरा नं0 | धारा 9(1) के समय भूस्वामी का नाम | वर्तमान भूस्वामी के विभिन्न नाम | वर्तमान भूस्वामी का सही नाम | प्रस्तावित व्यक्ति के विभिन्न नाम | प्रस्तावित व्यक्ति का सही नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगन्नाथपुर | 1157/3 | बालम आ0 नानसाय उरांव | बालम आ0 नानसाय उरांव, बालम मिंज आ0 नानसाय मिंज, बालम मिंज आ0 नानसाय मिंज | बालम मिंज आ0 नानसाय मिंज | सुबेशंकर मिंज आ0 बालम मिंज, सुबेशंकर मिंज आ0 बालम मिंज, सुबेशंकर आ0 बालम, सुबेशंकर आ0 बालम, सुबेशंकर आ0 बालम मिंज | सुबे शंकर मिंज आ0 बालम मिंज |

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है, तो समाचार पत्र में प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्न पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें।

पता–उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, कार्यालय–जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगांव क्षेत्र/धरमपुर, तहसील–प्रतापपुर, जिला–सूरजपुर छ0ग0।

उपक्षेत्रीय प्रबंधक जगन्नाथपुर उपक्षेत्र

जी नंबर–34396/3

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग, खण्ड - बलरामपुर (छ0ग0)

E-mall : eebalram-phe-cg@nic.in

निविदा क्रं./73/ ले.शा. / ज.जा.मि. / का. अ. /लो.स्वा.यां. वि. / 2022 बलरामपुर, दिनांक 21.10.2022

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म अ में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 112867 | 194.28 | 112885 | 270.5 | 112896 | 257.6 |
| 112876 | 334.4 | 112886 | 212.09 | 112898 | 146.51 |
| 112877 | 284.81 | 112887 | 355.66 | 112899 | 79.12 |
| 112878 | 223.71 | 112889 | 185.04 | 112900 | 186.06 |
| 112880 | 357.98 | 112890 | 213.27 | 112901 | 172.08 |
| 112881 | 215.96 | 112891 | 135.19 | 112902 | 130.27 |
| 112882 | 313.44 | 112893 | 198.04 | 112903 | 137.94 |
| 112883 | 385.8 | 112894 | 124.71 | 112904 | 164.67 |
| 112884 | 181.41 | 112895 | 234.45 | | |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण एथा धरोहर राशि, बिड वैधता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्य तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in. पर दिनांक 07.11.202 से देखी जा सकती है। तथा निविदा दिनांक 21.11.2022 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-बलरामपुर(छ0ग0)

जी नंबर–95289/1

## न्यायालय तहसीलदार बतौली, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

### ईश्तहार

रा0प्र0क्र0....../अ-21/2022-23
ग्राम-कुनकुरीकला, प0ह0नं0 09

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय् कलेक्टर सरगुजा, जिला सरगुजा छ0ग0 के पत्र क्रमांक 949/वाचक/2022 अम्बिकापुर दिनांक 19.09.2022 के अनुसार आवेदक योगेश गुप्ता आ0 चन्द्रशेखर गुप्ता जाति रौनियार, निवासी ग्राम बतौली जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वमित्व की भूमि ग्राम कुनकुरीकला प0ह0नं0 09 में स्थित भूमि ख0नं0 1321/6 रकबा 0.046 हे0 व्यपवर्तित वादभूमि को अनावेदक पंकज कुमार गुप्ता आ0 आनंद प्रसाद गुप्ता निवासी भगवानपुर तहसील अम्बिकापुर के पक्ष में विक्रय करने की अनुमति प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। फलस्वरूप पत्र दिनांक 19.09.2022 में अंकित कंडिका के संबंध में जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 28/10/2022 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक - 12/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्र द्वारा जारी।

सील — तहसीलदार बतौली सरगुजा (छ0ग0)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

रा.प्र.क्र.../अ-2/2021-22

### ईश्तहार

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम चम्पकनगर को सूचित किया जाता है कि श्री विजय कुमार आ0 प्रानसाय, जाति-लोहार, निवासी ग्राम-चम्पकनगर, तहसील, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा उनके स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम-चम्पकनगर, प.ह.नं.-09, रा.नि.मं.-सूरजपुर, तहसील-सूरजपुर जिला-सूरजपुर(छ0ग0) स्थित भूमि खसरा क्र.597 रकबा 0.63 हे. में से रकबा 0.02 को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने की आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतएव उक्त संबंध में ग्राम-कुजननगर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दनांक 31/10/2022 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/10/2022 को न्यायालीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विशेष कर्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन, सूरजपुर

CMYK

# नीदरलैंड के खिलाफ टीम इंडिया की बड़ी जीत

### बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों ने भी दिखाया दम

**मेलबर्न,27 अक्टूबर 2022।** केएल राहुल के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। रोहित शर्मा अर्धशतक जमाने के बाद आउट हुए जबकि विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 179 रन तक पहुंचाया। जवाब में नीदरलैंड कि तुम इतने रन ही बना सकी। नीदरलैंड को पहला झटका भुवनेश्वर कुमार ने दिया जब उन्होंने विक्रमजीत सिंह को बोल्ड किया। उस वक्त न्यूजीलैंड का स्कोर 11 था

टी20 विश्व कप 2022 के ग्रूप 2 के मुकाबले में टीम इंडिया ने आज नीदरलैंड को 56 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव की अर्धशतक की मदद से नीदरलैंड के सामने 179 रन बनाए थे। जीत के लिए नीदरलैंड को 180 रन बनाने थे। लेकिन नीदरलैंड की टीम 9 विकेट खोकर 123 रन ही बना सकी। इसके साथ ही इस जीत के बाद भारतीय टीम ग्रूप 2 में टॉप पर पहुंच गई है। भारत के पास फिलहाल 4 अंक है। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की टीम है जिसे 3 अंक हासिल है। आज के मुकाबले की बात करें तो टॉस कप्तान रोहित शर्मा ने जीता था और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और केएल राहुल काफी कम स्कोर पर आउट हो गए थे।

केएल राहुल के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच अच्छी साझेदारी हुई। रोहित शर्मा अर्धशतक जमाने के बाद आउट हुए जबकि



विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 179 रन तक पहुंचाया। जवाब में नीदरलैंड कि तुम इतने रन ही बना सकी। नीदरलैंड को पहला झटका भुवनेश्वर कुमार ने दिया जब उन्होंने विक्रमजीत सिंह को बोल्ड किया। उस वक्त न्यूजीलैंड का स्कोर 11 था। उसके बाद नीदरलैंड के विकेट एक के बाद एक गिरते गए। भारतीय टीम में शामिल स्पिन गेंदबाज अक्षर पटेल और आर अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की। अक्षर ने 4 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। वही अश्विन ने 4 ओवर में 21 रन दिए और दो सफलता मिली। भुवनेश्वर कुमार ने 3 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

कप्तान रोहित ने 39 गेंद में 53 रन बनाकर भारतीय पारी की दिशा तय की जबकि पाकिस्तान के खिलाफ असंभव लग रही जीत दिलाने वाले कोहली ने 44 गेंद में नाबाद 62 रन बनाये। कोहली ने दूसरे विकेट के लिये रोहित के साथ 73 और तीसरे विकेट की अटूट साझेदारी में सूर्य के साथ 95 रन जोड़े। दस ओवर के बाद भारत का स्कोर एक विकेट पर 67 रन था जिसके बाद सूर्य ने आकर डच गेंदबाजों को आतंकित कर दिया। अगले दस ओवर में भारत ने 112 रन बनाये। सूर्य ने एक्स्ट्रा कवर और डीप फाइन लेग में कुछ शानदार शॉट्स खेले। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाकर दिखा दिया कि इस प्रारूप में वह भारत के नंबर एक बल्लेबाज क्यो हैं। रोहित के आउट होने के बाद कोहली ने जिम्मा संभाला और 37 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। सूर्य के आने के बाद दोनों ने विस्फोटक बल्लेबाजी का जबर्दस्त नमूना पेश किया।

# टी-20 विश्वकप के फाइनल मैच को लेकर हुई भविष्यवाणी,इस दिग्गज खिलाड़ी ने किया ऐलान

**मेलबर्न,27 अक्टूबर 2022।** टी20 विश्वकप में भारत ने पाकिस्तान को 23 अक्टूबर को चार विकेट से मात दी है। इस जीत में विराट कोहली और हार्दिक पांड्या ने अहम भूमिका निभाई थी। वहीं अब भारतीय टीम के पूर्व कोच ने टी20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले को लेकर ऐसी भविष्यवाणी की है, जो चर्चा का विषय बन गई है।

दिवाली से पहले भारत और पाकिस्तान के बीच ऑस्ट्रेलिया में हुए धमाकेदार मुकाबले में रोमांचक टक्कर देखने को मिली थी। भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैचों के दौरान दोनों देशों के क्रिकेटप्रेमियों के चेहरों पर अलग ही खुशी और उत्साह देखने को मिलता है। ऑस्ट्रेलिया में जब से टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत की गई है तभी से लगातार दोनों देशों के पूर्व खिलाड़ियों के बीच भी काफी जुबानी जंग देखने को मिल रही है। विश्व कप में पाकिस्तान को हराने के बाद एक बार फिर मौका है कि दोनों टीमें आमने सामने हो सकती है। पूर्व खिलाड़ियों ने संभावना जताई है कि दोनों टीमें टी20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भी फिर से भिड़ सकती है।

ऐसी ही संभावना अब भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भी जताई है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2022 में खिताबी जंग देखने को मिल सकती है। दोनों टीमें खिताबी जंग के लिए भिड़ सकती हैं जो दोनों



ही देशों के क्रिकेट प्रेमियों के लिए इंतजार का अहम पल है।

### ये टीम मारेगी बाजी

टी20 विश्व कप 2022 में भारत और पाकिस्तान के बीच अगर मुकाबला होता है तो रोहित की ब्रिगेड बाबार आजम की टीम पर भारी पड़ेगी। भारतीय टीम इस मैच में विजयी हो सकती है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड चैम्पियनशिप का पहला मुकाबला वर्ष 1985 में मेलबर्न में खेला था। ये मैच हमने जीता था। उन्होंने विश्वास जताया कि अगर भारत और पाकिस्तान टी0 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल मुकाबले में दोनों टीमें भिड़ती हैं तो उन्हें भारतीय टीम हरा देगी। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने दिवाली से एक दिन पूर्व पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीतकर टूर्नामेंट में शानदार शुरूआत की है। पाकिस्तान का अगला मुकाबला जिम्बाब्वे के साथ होना है।

### भारत को मिली जीत

टी20 विश्व कप 2022 के ग्रुप 2 के मुकाबले में टीम इंडिया ने 27 अक्टूबर को नीदरलैंड को 57 रनों से हरा दिया। नीदरलैंड की टीम भारत के विशाल स्कोर 179 के सामने मात्र 123 रन ही बना सकी। इसी के साथ भारतीय टीम ग्रुप 2 में टॉप पर पहुंच गई है। भारत के पास फिलहाल 4 अंक है। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की टीम है जिसे 3 अंक हासिल है। भारतीय टीम में शामिल स्पिन गेंदबाज अक्षर पटेल और आर अश्विन ने शानदार गेंदबाजी की। अक्षर ने 4 ओवर में 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। वही अश्विन ने 4 ओवर में 21 रन दिए और दो सफलता मिली। भुवनेश्वर कुमार ने 3 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

## फीफा महिला अंडर 17 विश्व कप फाइनल में गत चैम्पियन स्पेन का सामना कोलंबिया से



**हालैंड,,27 अक्टूबर 2022।** गत चैम्पियन स्पेन ने जर्मनी को बेहद रोमांचक सेमीफाइनल में एक गोल से हरा दिया और अब फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप फाइनल में उसका सामना कोलंबिया से होगा। स्पेन के लिये एकमात्र गोल 90वें मिनट में लूसिया कोरालेस ने किया। फाइनल रविवार को नवी मुंबई में डी वाई पाटिल स्टेडियम पर खेला जायेगा। कोलंबिया ने नाइजीरिया को पेनल्टी शूटआउट में 6 . 5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थीं। शूटआउट में गैब्रियला रौद्रिगेज, स्टेफानिया पेरलाजा, मैरी एस्पितालेटा, लिंडा केसेडो, जुआना ओर्टेगन और नतालिया हर्नांडिज ने कोलंबिया के लिये गोल किये जबकि मुनोज चूक गई। नाइजीरिया के लिये एडेट ओफियोंग, एडिडियोंग एटिम, मिरेकल उसानी, ताइवो अफोलाबी और एस ओइनलोला ने गोल दागे।

## श्रीकांत ने सेन को हराकर दूसरे दौर में,समीर की सिनिसुका गिंटिंग पर अप्रत्याशित जीत

**डेनमार्क ,27 अक्टूबर 2022।** भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने हमवतन लक्ष्य सेन को हराकर फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। वहीं समीर वर्मा ने इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग पर अप्रत्याशित जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता श्रीकांत ने सेन को 46 मिनट में 21 . 18, 21 . 18 से मात दी। श्रीकांत का सामना अब डेनमार्क के रास्मस गेमके और आयरलैंड के एन एंगुयेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



गैर वरीय वर्मा ने छठी वरीयता प्राप्त एंथोनी को एक घंटे 17 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21 . 15, 21 . 23, 22 . 20 से हराया। उन्होंने मार्च में स्विस ओपन में इसी प्रतिद्वंद्वी से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। अब दोनों का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड 2 . 2 का है। वर्मा का सामना अब थाईलैंड के कुंलावुत विदितसर्न से होगा। एच एस प्रणय ने भी मलेशिया के लीयू डारेन को हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। प्रणय ने निचली रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी को 21 . 16, 16 . 21, 21 . 16 से हराया। अब उनका सामना चीन के लू गुआंग जू से होगा। पुरूष युगल में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अरडियंट से 15 . 21, 16 . 21 से हार गई।

# टी-20 विश्व कप में जारी है कोहली की विराट पारी,दोनों मैचों में नहीं हुए आउट,क्रिस गेल को इस मामले में पछाड़ा

**मेलबर्न,27 अक्टूबर 2022।** टी20 विश्व कप का रोमांच अब लगातार बढ़ता जा रहा है। भारतीय टीम का प्रदर्शन फिलहाल अच्छा दिख रहा है। पहले मैच की बात करें तो विराट कोहली के दम पर भारत ने पाकिस्तान को हराया था। वहीं, दूसरे मुकाबले में भी भारत ने न्यूजीलैंड को 56 रनों से हराया है। भारत के लिए रन मशीन कहे जाने वाले विराट कोहली फॉर्म में लौटती दिखाई दे रहे हैं। उनका फॉर्म में लौटना ही भारत के लिए बड़ी खबर है। इस विश्व कप में अब तक दो मुकाबले खेले गए हैं और दोनों में विराट कोहली का बल्ला चला है। उनके बल्ले से चौके छक्कों की बरसात हुई है। इसके साथ ही विराट कोहली अब तक दोनों ही मुकाबले में नॉटआउट रहे हैं। 30 अक्टूबर को भारत का सबसे महत्वपूर्ण मुकाबला दक्षिण अफ्रीका के साथ है। उस मैच में भी विराट कोहली की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहने वाले हैं।

### बना सकते हैं यह रिकॉर्ड



पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली को मैन ऑफ द मैच चुना गया था। वह नीदरलैंड के खिलाफ ही उन्होंने 62 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। विराट कोहली इस विश्वकप में एक नया इतिहास रच सकते हैं। शानदार रिकॉर्ड बनाने के मामले में विराट कोहली सिर्फ 27 रन दूर हैं। दरअसल, विराट कोहली ञ20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में फिलहाल दूसरे नंबर पर हैं। आज की पार्टी के साथ ही उन्होंने क्रिस गेल को पछाड़ दिया। क्रिस गेल ने 35 ञ20 पारियों में 965 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने सिर्फ 23 पारियों में ही क्रिस गेल को पीछे छोड़ते हुए 989 रन बना लिए हैं। विराट कोहली से आगे सिर्फ श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने हैं।

महेला जयवर्धने की बात करें तो उन्होंने एक 31 मुकाबलों में 1016 रन बनाए हैं। इसका मतलब साफ है कि विराट कोहली उनसे सिर्फ 27 रन दूर है। फैंस को उम्मीद है कि विराट कोहली 27 रन जल्द बना लेंगे और टी-20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हो जाएंगे। बात अगर रोहित शर्मा की करें तो वह चौथे नंबर पर रोहित ने 35 मुकाबलों में 904 रन बनाए हैं। जबकि श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान 35 मुकाबलों में 897 रनों के साथ पांचवें स्थान पर है। विराट कोहली का औसत भी ञ20 विश्वकप में रन बनाने के मामले में सबसे ऊपर है। विराट कोहली ने 23 मैचों में 89.90 की औसत से 889 रन बनाए हैं। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन है। इनका औसत 88.33 दिन का है।



## चिरंजीवी ने फिल्म मेगा 154 के लिए शूट किया एक्शन सीक्सेंस

निर्देशक बॉबी (के. एस. रवींद्र) की एक्शन एंटरटेनर फिल्म जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से मेगा154 है और इसमें अभिनेता चिरंजीवी और रवि तेजा मुख्य भूमिका में हैं, एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग में व्यस्त हैं। यूनिट के करीबी सूत्रों ने कहा कि, फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में तेज गति से चल रही है और टीम भारी एक्शन सीक्वेंस को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

मास महाराजा रवि तेजा इस फिल्म में दमदार और लंबी भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसका टाइटल टीजर 24 अक्टूबर को दीपावली के लिए रिलीज किया जाना है। फिल्म को 2023 में संक्रांति के लिए स्क्रीन पर हिट करने के लिए निर्धारित किया गया है और शेड्यूल के अनुसार काम चल रहा है।

रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने इस प्रोजेक्ट के लिए संगीत दिया है। श्रुति हासन फिल्म में चिरंजीवी के साथ प्रमुख महिला की भूमिका निभा रही हैं, जो सभी व्यावसायिक सामग्रियों से भरपूर एक मास-एक्शन एंटरटेनर है। नवीन यरनेनी और वाई. रविशंकर फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, जबकि जी.के. मोहन सह-निर्माता हैं। एक शीर्ष तकनीकी टीम परियोजना से जुड़ी हुई है, जबकि कई उल्लेखनीय अभिनेता इसका हिस्सा हैं। मेगा154 की छायांकन आर्थर ए. विल्सन ने की है। निरंजन देवरामन संपादक हैं और सुष्मिता कोनिडेला कॉस्ट्यूम डिजाइनर हैं। जहां कहानी और संवाद बॉबी ने खुद लिखे हैं, वहीं कोना वेंकट और के. चक्रवर्ती रेड्डी ने पटकथा लिखी है। लेखन विभाग में हरि मोहन कृष्ण और विनीत पोटलुरी भी शामिल हैं।

## मार्क रोली के साथ अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आएंगी श्रुति हासन

बॉलीवुड से लेकर साउथ की फिल्मों में अभिनेत्री श्रुति हासन का जलवा देखने को मिला है। अब उनके खाते में एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट जुड़ गया है। वह अंतरराष्ट्रीय फिल्म द आई में नजर आने वाली हैं। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म में उनके साथ हॉलीवुड अभिनेता मार्क रोली भी दिखाई देंगे। डेफने श्मोन इस प्रोजेक्ट के निर्देशन का काम संभाल रही हैं। श्रुति ने खुद सोशल मीडिया पर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी शेयर की है।



श्रुति ने इंस्टाग्राम पर डेडलाइन की रिपोर्ट शेयर की है, जिसमें उनके इस हॉलीवुड फिल्म के बारे में जानकारी दी गई है। वह इस फिल्म में द लास्ट किंगडम फेम मार्क के अपोजिट भूमिका में दिखाई देंगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, एक प्यारी टीम के साथ द आई का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने इस फिल्म का हिस्सा बनाने के लिए मेकर्स के प्रति भी आभार जताया है। ग्रीक प्रोडक्शन कंपनी अर्गोनॉट्स प्रोडक्शंस और फिंगरप्रिंट मिलकर इस फिल्म का निर्माण कर रही है। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग इस महीने के अंत में एथेंस और कोर्फू में शुरू होगी। एमिली कार्लटन ने इसकी पटकथा लिखी है। श्रुति और मार्क के अलावा इस फिल्म में अन्ना सव्वा, लिंडा मार्लो और क्रिस्टोस स्टरगियोग्लू जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी 1980 की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसकी कहानी एक युवा विधवा महिला पर केंद्रित है, जो उस द्वीप पर वापस जाती है, जहां उसके पति की मृत्यु हो गई थी। बता दें कि यह श्रुति का दूसरा हॉलीवुड प्रोजेक्ट है। वह इससे पहले टीवी सीरीज ट्रेडस्टोन में नजर आई थीं। कई अंतरराष्ट्रीय सितारों से सजी यह एक्शन फिक्शन सीरीज 2019 में रिलीज हुई थी।













CMYK

# संक्षिप्त समाचार



## छत्तीसगढ़ के इस जिले में किसान ने की खुदकुशी!

जशपुर, 27 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ के जशपुर में एक किसान ने खुदकुशी कर ली है. बताया जाता है कि किसान ने कर्ज से परेशान होकर यह आत्मघाती कदम उठाया है. घटना के बाद किसान के परिवार में मातम पसर गया है. फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

जानकारी के मुताबिक, किसान ने करीब 17 एकड़ में मक्के की खेती की थी, जिसके लिए उसने कर्ज ले रखा था. फसल खराब होने के चलते किसान कर्ज से परेशान बताया जा रहा था, जिसकी वजह से उसने मौत को गले लगा लिया।

## छत्तीसगढ़ में नक्सल मुक्त अभियान को लगा बड़ा झटका

सुकमा, 27 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है.यहां कोबरा 201 बटालियन के कमांडेंट का निधन हो गया है.

मिली जानकारी के अनुसार कोबरा 201 बटालियन के कमांडेंट सौमित्र रॉय का हार्ट अटैक से निधन हो गया है. उनका निधन रायपुर के एक? निजी अस्पताल में हुआ है.सौमित्र रॉय नक्सल इलाक़े में पदस्थ थे.

सौमित्र रॉय के निधन से छत्तीसगढ़ में चल रहे नक्सल मुक्त अभियान को बड़ा झटका लगा है, सौमित्र रॉय नक्सल इलाके में काफी सक्रिय थे और लोगों में जागरूकता फैलाने का लगातार काम रहे थे।

## हाइवा ने बाइक सवारों को कुचला,ऑन द स्पॉट डेथ



कोरबा, 27 अक्टूबर 2022। सतरेंगा मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद डाला. दोनों बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, वहीं हाइवा चालक मौके से फरार हो गया. लेमरू थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है.जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक कोरबा से सतरेंगा की ओर जा रहे थे. इस दौरान हाइवा चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी को चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. राहगीरों से दुर्घटना की मिली सूचना पर 112 की टीम पहुंची. मृतकों के पास से मिले पहचान पत्र के आधार पर एक की पहचान तुलसी नगर निवासी राहुल निर्मलकर के तौर पर हुई. युवक सर्वमंगला ट्रैक्टर्स में सेल्स एग्जीक्यूटिव के तौर पर कार्यरत था. वहीं दूसरा युवक की पहचान अभिषेक यादव के रूप में हुई, जो एलएनटी फाइनेंसर सर्विस में काम करता था. घटना की सूचना पर लेमरू थाना पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

## मनोरोगी हाईटेंशन लाइन के टॉवर पर चढ़ा, मचा हड़कंप



धमतरी, 27 अक्टूबर 2022। बिरेझर चौकी के ग्राम सिवनीकला में एक मनोरोगी हाईटेंशन लाइन के टॉवर पर चढ़ गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतारने में सफलता पाई. युवक को पुलिस ने कुरुद अस्पताल भेज दिया है. बिरेझर थाना प्रभारी गोवर्धन ठाकुर ने बताया मानसिक रोगी युवक कल रात को अपने घर से निकला था. सुबह पता चला कि वह हाईटेंशन लाइट के टॉवर पर चढ़ गया है. अनहोनी की आशंका पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया. बहुत देर तक मान-मनुहार के बाद युवक को नीचे उतारने में सफलता मिली. युवक को एंबुलेंस में कुरुद अस्पताल भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री ने राज्योत्सव एवं आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

» मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

» साइंस कालेज मैदान में लगने वाले सभी विभागों के स्टाल्स का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

» 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारियों जोरों पर





रायपुर, 27 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ के 23वें स्थापना दिवस की तैयारियों राजधानी रायपुर में जोरों से चल रही है।इस दौरान 1 से 3 नवंबर तक राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन साइंस कालेज मैदान में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल गुरूवार की शाम महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए साइंस कालेज मैदान पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों के स्थल का भी निरीक्षण किया और विभागीय अधिकारियों को तैयारियों को के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी की जा रही है और इसके लिए साइंस कालेज मैदान में तैयारियां जोरों पर हैं। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों सहित 09 देशों के 1500 आदिवासी कलाकार अपनी प्रस्तुति देने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस अवसर पर सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# IAS विश्नोई सहित तीनों आरोपियों को भेजा गया जेल!

» 14 दिन की न्यायिक रिमांड के बाद अब इस दिन होगी अगली सुनवाई



रायपुर, 27 अक्टूबर 2022। प्रवर्तन निदेशालय यानी श्रष्ठ ने आज मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे आईएएस समीर विश्नोई, सुनील अग्रवाल और लक्ष्मीकांत तिवारी को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया है. मामले में अगले सुनवाई 10 नवम्बर को होगी।

प्रवर्तन निदेशालय ने अपने बयान में बताया कि उनकी ओर से पूछताछ की जा चुकी है। इसके बाद कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का निर्णय लिया। बता दें कि ईडी ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद पहले 8, फिर 6 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की।

इस दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी ईडी को मिलने की बातें सामने आ रही है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने से पहले मेकाहारा में मेडिकल टेस्ट के लिए ले जाया गया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया।

# बीजेपी का सवाल-IAS को सस्पेंड क्यों नहीं कर रही सरकार,आखिर माजरा क्या हैःचंदेल

» ईडी की 14 दिन की रिमांड के बाद एक बार फिर 14 दिन के लिए न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए IAS बिश्नोई जेल, उनके साथ लक्ष्मीकांत , सुनील अग्रवाल भी गए जेल



रायपुर, 27 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार आईएएस समीर विश्नोई व अन्य के विरुद्ध राज्य शासन द्वारा निलंबन की कार्यवाही न किये जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विश्नोई को पहले 14 दिन की ईडी रिमांड और अब पुनः 14 दिन की जेल अभिरक्षा मिलने के बाद भी राज्य शासन द्वारा निलंबन आदेश जारी नहीं करना आखिर क्या प्रदर्शित कर रहा है?

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भूपेश बघेल सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि शासन आखिर किस मजबूरी में इनका निलंबन नहीं कर पा रहा है?सरकार की इनसे क्या साठगांठ है? अधिकारियों के घर से नकद राशि बरामद हो गई, किलो के भाव में सोना मिल गया, तथ्यों के प्रकाश में मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत आरोपियों को जमानत नहीं दे रही है। इसके बावजूद भी इनका निलंबन नहीं होना यह साफ संकेत दे रहा है कि सरकार की इन आरोपियों से साठगांठ है। इन्हें और बाकी जिन से भी पूछताछ हुई है, सभी को तुरंत प्रभाव से निलंबित और पद मुक्त किया जाना चाहिए।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बहनों के संग मनाया भाई-दूज





रायपुर, 27 अक्टूबर 2022। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने परिवार और बहनों के साथ मिलकर भाई दूज के रंग में रंग गए। देखें तस्वीरें...

पांच दिवसीय पर्व दिवाली को महापर्व माना जाता है. इस त्योहार की शुरुआत धनतेरस से होती है और समापन भाई दूज पर होता है. हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भैया दूज मनाया जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भैया दूज मनाया जाता है.

भैया दूज को भाई-बहन के प्यार और अटूट बंधन का प्रतीक माना जाता है. इस दिन भाई अपनी बहनों के घर जा कर तिलक करवाते हैं और भोजन करते हैं. जिसके बाद अपनी प्यारी बहन को उपहार भी देते हैं. बहनें अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं. आज के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी बना हुआ है. आज के दिन की शुरुआत आप अपने भाई-बहनों को खास शुभकामना संदेश भेज कर भी कर सकते हैं।.

# अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सवः9 देशों के 1500 आदिवासी कलाकार बिखेरेंगे अपनी संस्कृति की खुशबू

रायपुर, 27 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ राज्य का 44 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। 42 तरह की जनजातियां प्रदेश में निवास करती हैं। इन सभी जनजातियों के अपने-अपने तीज-त्यौहार हैं, अपनी-अपनी संस्कृति है, अपनी-अपनी कला परंपराएं हैं। इन्हीं सबसे मिलकर छत्तीसगढ़ राज्य की सुंदर संस्कृति और परंपराओं का निर्माण होता है। छत्तीसगढ़ में जनजातियों की जनसंख्या कुल जनसंख्या का 31 प्रतिशत है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति एवं सभ्यता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। इसी कड़ी में राज्य में तीसरी बार आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर इंटरनेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल के रूप में एक बहुत महत्वपूर्ण परंपरा की शुरुआत छत्तीसगढ़ में की गई है। यह प्रयास न केवल छत्तीसगढ़ के लिए, बल्कि देश और पूरी दुनिया के जन-जातीय समुदायों के आपसी मेलजोल, कला-संस्कृतियों के आदान-प्रदान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध साबित हो रहा है।





इस आयोजन में भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जनजातीय कलाकारों की टीमों के साथ-साथ 9 देशों के जनजातीय कलाकारों की टीमें भी शामिल हो रही हैं। इस वर्ष यह आयोजन 1 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की तारीख भी है। रायपुर में राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव का आयोजन तीन दिनों तक किया जाएगा। इस आयोजन में 1500 जनजातीय कलाकार शामिल होंगे। इनमें से 1400 कलाकार भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के हैं, और 100 कलाकार विदेशों के होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का यह तीसरा आयोजन है। पिछले वर्ष इस आयोजन में 12 देशों ने रुचि ली थी, जिनमें से 7 ने इसमें हिस्सा लिया था। इस साल 26 देशों ने रुचि प्रदर्शित की है, इनमें से 9 देश इस महोत्सव में शामिल होने जा रहे हैं। इस आयोजन में मोजांबिक, मंगोलिया, टोंगो, रशिया, इंडोनेशिया, मालदीव, सर्बिया, न्यूजीलैंड और इजिप्ट के जनजातीय कलाकार हिस्सा लेंगे।

इंटरनेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल में दो कैटेगिरी में प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को कुल 20 लाख रुपए के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। प्रथम स्थान के लिए 5 लाख रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 3 लाख रुपए और तृतीय स्थान के लिए 2 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। 1 नवंबर को सुबह नृत्य महोत्सव का शुभारंभ होगा और शाम को राज्योत्सव के अवसर पर राज्य अलंकरण दिया जाएगा।

3 नवंबर को नेशनल ट्राइबल डांस फेस्टिवल का समापन होगा। इस महोत्सव के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय कलाकारों के बीच उनकी कलाओं की साझेदारी होगी, बल्कि वे एक-दूसरे के खान-पान, रीति-रिवाज, शिल्प-शैली को भी देख-समझ सकेंगे। महोत्सव के दौरान संगोष्ठियां भी होंगी, जिनमें जनजातीय विकास के बारे में विमर्श होगा। जाने-माने विशेषज्ञ भी इसमें शामिल होंगे।

# राज्यपाल रमेश बैस का बड़ा बयान,'झारखंड में फट सकता है एटम बम'

रायपुर, 27 अक्टूबर 2022। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने कहा है कि उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े लाभ के पद मामले में %एक और राय% मांगी है। दीपावली मनाने के लिए अपने गृह जिले रायपुर में मौजूद बैस ने बुधवार को एक समाचार चैनल के संवाददाता से बातचीत में कहा कि झारखंड में कभी भी %एटम बम% फट सकता है। बैस से जब पूछा गया कि झारखंड में सोरेन सरकार के सहयोगियों ने उन पर राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है तो उन्होंने कहा, ÷अगर मेरी सरकार को अस्थिर करने की मंशा होती तो मैं चुनाव आयोग की जो सिफारिश आई है, उसके आधार पर निर्णय ले सकता था। लेकिन मैं बदले की भावना से या किसी को बदनाम करने के लिए कोई भी कार्रवाई करना नहीं चाहता।÷



बैस ने कहा, ÷चूंकि, मैं एक संवैधानिक पद पर हूं, मुझे संविधान की रक्षा करनी है। संविधान के अनुसार चलना है। मेरे उपर कोई उंगली न उठाए कि इन्होंने बदले की भावना से ऐसा किया है। इसलिए मैंने %एक और राय% मांगी है।÷ हालांकि, उन्होंने चुनाव आयोग की सिफारिश के बारे में विस्तार से नहीं बताया और न ही यह स्पष्ट किया कि दूसरी राय किससे मांगी गई है। यह पूछे जाने पर कि क्या एक और राय मिलने के बाद कोई बड़ा फैसला सामने आएगा, राज्यपाल ने कहा, ÷दिल्ली में तो पटाखों पर पाबंदी है। लेकिन झारखंड में पटाखा प्रतिबंधित नहीं है। हो सकता है कि एकाध %एटम बम% फट जाए।÷ लाभ के पद मामले में सोरेन को विधानसभा सदस्यता से अयोग्य ठहराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की याचिका के बाद चुनाव आयोग ने 25 अगस्त को झारखंड के राज्यपाल को अपना फैसला भेजा था।

हालांकि, चुनाव आयोग के फैसले को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन चर्चा है कि आयोग ने खनन पट्टे के मामले में एक विधायक के रूप में मुख्यमंत्री को अयोग्य ठहराने की सिफारिश की है। राज्य में ऐसी कयासों के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस महीने की 15 तारीख को कहा था कि देश के इतिहास में ऐसा संभवतः पहली बार है कि %अपराधी% बार-बार पूछ रहा है कि उसने क्या अपराध किया है और यदि अपराध किया है तो उसकी सजा बता दें, लेकिन उसे उसका अपराध न बताकर ही एक तरह से दंडित किया जा रहा है।

# एसपी ने 94 पुलिसकर्मियों का किया तबादला

गरियाबंद, 27 अक्टूबर 2022। पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले ने आज 94 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है, जिसमें उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और आरक्षक के नाम शामिल है. आते ही एसपी ने बेहतर व सवेदनशील पुलिसिंग का ऐलान किया था. यही वजह है कि पहली बार बड़ी संख्या में रिजर्व में मौजूद कर्मियों को थाने में पदस्थ कर थानों में पर्याप्त बल भेज मज़बूत करने की कोशिस किया गया है. 94 लोगों की सूची में लाइन में समय काट रहे 34 कर्मियों के नाम शामिल हैं. जबकि केवल 8 कर्मियों को आरक्षित केंद्र भेजा गया है. एसपी के इस पहल से थानों में चल रही बल की कमी पूरी हो गई है।



# सट्टे में 1 करोड़ हारने वाले कारोबारी ने की खुदकुशी,पेड़ पर लटकी मिली लाश

रायगढ़, 27 अक्टूबर 2022। रायगढ़ जिले में गुरुवार को लोगों ने हाथ में तख्ती लेकर शवयात्रा निकाली। यहां 12 घंटे के भीतर दो लोगों की आत्महत्या से शहरवासियों में आक्रोश है। बुधवार शाम को जहां बालाजी डोर फर्म के संचालक के कारोबारी बेटे मयंक मित्तल (34 वर्ष) ने खुदकुशी कर ली, तो वहीं गुरुवार सुबह व्यवसायी बादशाह मुनव्वर (54 वर्ष) ने आत्महत्या कर ली। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। शहरवासियों ने कारोबारी मयंक मित्तल की शवयात्रा में %मित्तल परिवार इंसाफ मांगता सटोरियों पर कार्रवाई चाहता% लिखी हुई तख्ती पकड़े हुए थे। उन्होंने सटोरियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को हुए भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच में मयंक मित्तल ने सट्टा लगाया था, जिसमें वे 1 करोड़ की राशि हार गए थे। इसके बाद 26 अक्टूबर की शाम मालधक्का रोड स्थित घर पर कारोबारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



# छत्तीसगढ़ में तीसरी बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का होगा भव्य आयोजन

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से आमंत्रित करने पहुंच रहे जनप्रतिनिधि









रायपुर, 27 अक्टूबर 2022। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को आगामी 1 नवम्बर को 22 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पर 23वें राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की कवायद में तीसरी बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन 1 से 3 नवम्बर तक राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य की ओर से मंत्री, संसदीय सचिव, विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने पहुंच रहे हैं।

राज्योत्सव एवं राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए आमंत्रण की कड़ी में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आमंत्रित करने विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा और डॉ. लक्ष्मी ध्रुव पहुंची। उन्होंने श्री गहलोत से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ की आदिवासी कलाकृति भेंट करते हुए महोत्सव में सम्मिलित होने आमंत्रित किया। वहीं असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमन्त बिश्व शर्मा से मुलाकात कर संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने आमंत्रित किया।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधायक खेलसाय सिंह एवं संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री सोरेन को रायपुर में आयोजित हो रहे तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से निमंत्रण पत्र दिया। पुद्दूचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी से संसदीय सचिव इन्द्रशाह मंडावी एवं विधायक दलेश्वर साहू ने मुलाकात कर आमंत्रण पत्र सौंपा।

सिक्किम के लोक निर्माण एवं संस्कृति मंत्री संदूप लेपचा को आमंत्रित करने पहुंचे संसदीय सचिव कुंवरसिंह निषाद एवं विधायक भुनेश्वर बघेल ने आमंत्रण पत्र और आदिवासी कलाकृति भेंट किया। लक्षद्वीप के प्रशासक के प्रतिनिधि से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया है।

इसी कड़ी में संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साहा को, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अरूण मेहता को और लघु वनोपज संघ के जीएम एस. मनीवासगन ने तमिलनाडु सरकार के उद्योग मंत्री थांगम थेन्नारासु को आमंत्रित किया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की आदिवासी कला संस्कृति, रीति-रिवाज, उत्सव, परम्परा के संरक्षण एवं संवर्धन तथा देश के राज्यों सहित विश्व के अन्य देशों में निवासरत आदिवासी लोगों के कला-संस्कृति के आदान-प्रदान के उद्देश्य से भव्य आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन शुरू किया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)